श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 178, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरुवार 27 जुलाई 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष लामबंद: विपक्षी दलों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पर नोटिस दिया**

## संसद में विपक्ष लाएगा अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली: विपक्ष** केंद्र सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाएगा। यह जानकारी कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दी है। इधर, मणिपुर मुद्दे पर मंगलवार को लोकसभा और राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। लोकसभा में सांसदों ने सदन में नारेबाजी की और अध्यक्ष की आसंदी के पास पहुंचकर इंडिया फॉर मणिपुर के पोस्टर दिखाए। उधर, कार्यवाही पहले 12 बजे और फिर 2 बजे तक स्थगित करनी पड़ी। मणिपुर के मसले पर चर्चा की मांग को लेकर कांग्रेस और आप समेत विपक्षी दल स्थगन प्रस्ताव लाए थे। राज्यसभा तीसरी बार नारेबाजी के बीच शुरू हुई। दो घंटे से ज्यादा समय तक कार्रवाई चली। इस दौरान संविधान (अनुसूचित जनजाति) आदेश (पांचवां संशोधन) विधेयक 2022 पारित हुआ।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव की अनुमति दी जाती है। उन्होंने कहा कि सभी दलों से चर्चा करके और नियमों के तहत उचित समय पर चर्चा की तिथि से सभी को अवगत करा दूंगा। उल्लेखनीय है कि मणिपुर मुद्दे पर कांग्रेस की ओर से आज लोकसभा में अविश्वास का नोटिस दिया गया था। विपक्ष लगातार मणिपुर के हालात और वहां दो महिलाओं के साथ हुई अभद्रता का मुद्दा उठाते हुए प्रधानमंत्री से इस पर बयान की मांग कर रहा है।

कार्रवाई कल तक के लिए स्थगित की गई। शाम पांच बजे लोकसभा की कार्यवाही फिर शुरू हुई। इस दौरान अमित शाह ने सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। शाह ने खेती-किसानी और सहकारिता की बात की। विपक्ष ने मणिपुर-मणिपुर, शेम-शेम, जवाब दो-जवाब दो, वी वॉन्ट जस्टिस (हमें न्याय चाहिए) के नारे लगाए। वहीं विपक्षी सांसद पोस्टर लेकर सदन में खड़े हुए तो शाह ने कहा कि और जोर से नारे लगाइए। आपको न दलितों में इंटरेस्ट है और न ही सहकारिता में। इसलिए नारेबाजी कर रहे हैं। शाह सदन में बयान देते रहे और विपक्षी सांसद शोरशराबा करते रहे।




### पीएम का हमें आतंकी दल से जोड़ना और दिशाहीन बताना दुर्भाग्यपूर्ण: खड़गे

**खड़गे** ने कहा कि जिस दिन पीएम ने देश के विपक्षी दलों को अंग्रेज शासकों और आतंकी दल से जोड़ा, उसी दिन आपने भावनात्मक पत्र लिखकर विपक्ष से सकारात्मक रवैये की अपेक्षा की। पीएम का विपक्षी दलों को दिशाहीन बताना बेतुका ही नहीं बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण भी है।

पक्ष-विपक्ष दोनों का आचरण इतिहास में दर्ज होता है: खड़गे ने लिखा कि लंबे समय तक सरकार चलाने के बाद हम जानते हैं कि इतिहास के पन्नों में पक्ष और विपक्ष दोनों का आचरण दर्ज होता है। हमारी जवाबदेही मौजूदा पीढ़ी के साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए भी है। सत्र के दौरान रोज सरकार और विपक्ष का आचरण सदन के सामने रहता है आज भी रहेगा। आपकी कथनी और करनी में कितनी समानता रहेगी, यह विपक्ष समेत पूरा देश देखेगा।

### पीएम हमें आतंकी कहते हैं, आप सहयोग चाहते हैं: खड़गे



**नई दिल्ली: कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गृह मंत्री अमित शाह के 25 जुलाई के पत्र का जवाब दिया है। उन्होंने पत्र लिखकर कहा कि केंद्र सरकार की कथनी और करनी में बहुत फर्क है। खड़गे ने लिखा कि अमित शाह, जिस दिन पीएम ने विपक्षी दलों को अंग्रेज शासकों और आतंकवादी दल से जोड़ा, उसी दिन गृहमंत्री ने भावनात्मक पत्र लिखकर विपक्ष से सकारात्मक रवैया अपनाने को कहा।

दरअसल, शाह ने मंगलवार को खड़गे और अधीर रंजन चौधरी को पत्र लिखकर कहा था कि सरकार मणिपुर पर चर्चा के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए विपक्ष को अनुकूल माहौल बनाना होगा।

सरकार की कथनी-करनी में फर्क: खड़गे ने लिखा कि अमित शाह जी, आपका 25 जुलाई का पत्र तथ्यों से उलट है। मणिपुर की स्थिति पर इंडिया अलायंस की पार्टियां पीएम से मांग कर रही हैं कि वे संसद को संबोधित करें, ताकि इस पर चर्चा हो सके, लेकिन आपके पत्र की भावनाओं में और आपकी करनी में जमीन आसमान का फर्क है।

सदन में आपकी सरकार का रवैया असंवेदनशील और मनमाना रहा है।

## सबसे बड़े कन्वेंशन सेंटर का पीएम ने किया उद्घाटन

**नई दिल्ली: प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी दिल्ली के प्रगति मैदान में अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र (आईईसीसी) परिसर राष्ट्र को समर्पित किया। पीएम मोदी उद्घाटन के लिए आईटीपीओ कॉम्प्लेक्स पहुंचे। यहां उन्होंने कॉम्प्लेक्स में हवन और पूजा-पाठ में हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) का दावा है कि यह दुनिया के अग्रणी प्रदर्शनी और सम्मेलन परिसरों में से एक होगा। इस परिसर में सितंबर में जी-20 नेताओं की बैठक प्रस्तावित है।



पीएमओ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि इस परियोजना को लगभग 2,700 करोड़ रुपये की लागत से एक राष्ट्रीय परियोजना के रूप में विकसित किया गया था।

### 'बंगाल पंचायत चुनाव में लोकतंत्र की शर्मनाक तस्वीरें सामने आई'

**नई दिल्ली: पश्चिम** बंगाल पंचायत चुनाव में हुए हिंसा पर भाजपा ने बुधवार को ममता सरकार पर निशाना साधा। भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ नेत रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हर चुनाव में हिंसा होती है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल से लोकतंत्र से शर्मनाक तस्वीरें सामने आई।

चुनाव में हिंसा बेहद दुर्भाग्यपूर्ण: रविशंकर प्रसाद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पंचायत चुनाव के दौरान हमें शर्मनाक लोकतंत्र का एक घिनौना चेहरा सामने आया।

## 'यूपी की तरह पूरे देश में शुरू होगा हेल्थ मेला'



**लखनऊ: केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडपिया 1 दिन के यूपी के दौरे पर लखनऊ आए । जहां पहले तो एयरपोर्ट पर यूपी के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक के साथ लगभग आधे घंटे उत्तर प्रदेश स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई उसके बाद मुख्यमंत्री आवास पर सीएम के साथ यूपी के स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर हुई समीक्षा।

यूपी में टेलीकंसल्टेशन की सुविधा का लाभ मिल रहा: स्वास्थ मंत्री के साथ की गई समीक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जब कोविड का पहला पर्सेंट आया था तब हमारे पास 36 जनपद ऐसे थे जिनके पास आईसीयू का एक भी बेड नहीं था। भारत सरकार के सहयोग से जब प्रत्येक जनपद में इस लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में कार्य प्रारंभ किया तो पहले जितने भी नर्स और स्टाफ थे उन सबके साथ ट्रेनिंग हमने चलाया। हम लोगो ने वर्चुअल आईसीयू वर्चुअल पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया। जो पूरी तरह से सफल रहा था। आयुष्मान भारत के साथ ही साथ हम लोगों ने टेलीकंसल्टेशन की सुविधा को भी पूरे उत्तर प्रदेश में चलाया जो पूरा सफल मॉडल रहा। लाखों पेशेंट इस सुविधा का लाभ ले रहे हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया का बयान: लखनऊ पहुंचे केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया की स्वास्थ के मामले में सीएम योगी की उपस्तिथि में समीक्षा बैठक हुई। आयुष्मान योजना पीएम मोदी ने शुरू की, गरीबों के समाधान के लिए इसे शुरू किया गया। यूपी में आयुष्मान के 6.5 करोड़ लाभार्थी हैं ।

**गुरुवार को साढ़े तीन बजे हाईकोर्ट फिर से करेगा मामले पर सुनवाई**

## ज्ञानवापी सर्वे पर लगी रोक बढ़ी

**प्रयागराज: ज्ञानवा**पी सर्वे पर लगी रोक कल तक बढ़ गई है। शुक्रवार को साढ़े तीन बजे फिर से इलाहाबाद हाईकोर्ट मामले पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर ने ज्ञानवापी परिसर में सर्वे कराये जाने के मामले में दाखिल अंजुमन इंतजामिया कमेटी की याचिका पर सुनवाई करते हुए एएसआई के वैज्ञानिक को आज 4.30 बजे तलब किया था। एएसआई की ओर से वैज्ञानिक आलोक त्रिपाठी कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कोर्ट को बताया कि जीपीआर विधि और फोटोग्राफी विधि से कैसे सर्वेक्षण होगा। साथ ही एएसआई वैज्ञानिकों ने बताया कि वैज्ञानिक सर्वेक्षण से मूल ढांचे को कोई नुकसान नहीं होगा। इस बीच कोर्ट ने एएसआई से पूछा कितने सर्वे हो चुका है? कब तक पूरा कर लेंगे सर्वे? इस पर एएसआई ने कहा अगर अनुमति मिली तो 31 जुलाई तक सर्वे पूरा हो जाएगा। कोर्ट एएसआई से यह स्पष्ट करना चाहती है कि सर्वे के दौरान कोई क्षति हो सकती है। कोर्ट इस मामले में एएसआई से उस मैथेड को जानना चाहती है, जिसके जरिये एएसआई सर्वे कर रही है। कोर्ट सर्वे सिस्टम का डेमो भी देखेगी। इसके पहले सुनवाई के दौरान मस्जिद पक्ष की ओर से कहा गया कि सर्वे से संरचना को क्षति हो सकती है। जिला जज को सर्वे कराये जाने का अधिकार नही है।



## भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा जनहित पर केंद्रित: मेटा

**नई दिल्ली: फेसबुक** और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच का परिचालन करने वाली मेटा के वैश्विक मामलों के अध्यक्ष निक क्लेग ने बुधवार को कहा कि भारत में वृहद आधार पर प्रौद्योगिकी आधारित डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा जनहित पर केंद्रित है और यह दूसरों के लिए एक शानदार मॉडल है। क्लेग ने कहा कि किस प्रकार मेटा और उसके मैसेंजर एप व्हॉट्सएप ने स्वास्थ्य (कोविड टीकाकरण प्रमाणपत्र डाउनलोड के दौरान) तथा भुगतान सहित भारत की डिजिटल सार्वजनिक पहल को आत्मसात किया और उसे आगे बढ़ाने में मदद की।

'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स के साथ कर रहे हैं काम': उन्होंने कहा कि हम इस समय ओएनडीसी (ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स) के साथ काम कर रहे हैं ताकि यह देखा जा सके कि हम और क्या कर सकते हैं। क्लेग के अनुसार, जब डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे (डीपीआई) के निर्माण की बात आती है, तो भारत में जिस स्तर पर यह हुआ है ।

## भारत की मौसम पूवानुर्मान प्रणालियां दुनिया से बेहतर: किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली। पृथ्वी** विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि भारत की मौसम पूवानुर्मान प्रणालियां दुनिया भर की सभी प्रणालियों से बेहतर हैं। मौसम विभाग की मौसम को लेकर की जाने वाली पूवानुर्मान की सटीकता में भी सुधार हुआ है।



बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन में किरेन रिजिजू ने कहा कि हमारा मौसम पूवानुर्मान अवलोकन पर निर्भर है। यदि निरीक्षण करने की क्षमता बढ़ा दी जाए तो मौसम की जानकारी अधिक सटीक हो सकती है। इसलिए अधिक अवलोकन प्रणालियां स्थापित करके इस क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2013 में डॉप्लर राडार की संख्या सिर्फ 15 थी, जिसे बढ़ा कर 35 कर दिया गया है और अगले तीन सालों में देश में डॉप्लर राडार की संख्या 35 से बढ़ाकर 68 की जाएगी। किरेन रिजिजू ने कहा कि हम आपदाओं को रोक नहीं सकते लेकिन मौसम विभाग की चेतावनियों का पालन करके उसके असर को कम कर सकते हैं। मौसम के पूवानुर्मान में सुधार की वजह से प्राकृतिक आपदाओं से संबंधित मृत्यु दर में कमी आई है।

## पाक ने हमारी पीठ में खंजर घोंपा था: राजनाथ

### कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने का जश्न मना रही हैं तीनों सेनाएं, सीडीएस और तीनों सेना प्रमुखों ने जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी

**नई दिल्ली: पाकिस्तान** के साथ कारगिल युद्ध में जीत के 24 साल पूरे होने का तीनों सेनाएं जश्न मना रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी देश पर जान न्योछावर करने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाध्यक्षों ने कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर 1999 के कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। लद्दाख स्थित द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर सैन्य परम्परा के साथ हुए इस श्रद्धांजलि समारोह के पास से तीन चीतल हेलिकॉप्टर गुजरे और फूलों की पंखुड़ियां बरसाईं। कारगिल विजय दिवस पर चार मिग 29 विमानों ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक से उड़ान भरी। इसके बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करके 1999 के कारगिल युद्ध में अपनी जान गंवाने वाले सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल युद्ध स्मारक पर वीर जवानों को श्रद्धांजलि देने के बाद कहा कि आज, 'कारगिल विजय दिवस' पर भारत माता के उन जांबाज सपूतों को नमन करता हूं, जिन्होंने राष्ट्र को सर्वप्रथम रखा और उसके लिए प्राणों की आहुति देने से भी पीछे नहीं हटे। रक्षा मंत्री ने कहा कि कारगिल युद्ध भारत के ऊपर एक थोपा गया युद्ध था। उस समय देश ने पाकिस्तान से बातचीत के माध्यम से मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया। स्वयं अटलजी ने पाकिस्तान की यात्रा करके कश्मीर सहित अन्य मुद्दों को सुलझाने का प्रयास किया था, लेकिन पाकिस्तान ने हमारी पीठ में खंजर घोंप दिया था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 1999 के कारगिल युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने सम्मान स्वरूप उन्हें एक स्मृति चिन्ह और एक शॉल भी सौंपा। उन्होंने कारगिल युद्ध के बहादुरों की याद में द्रास में बने 'हट ऑफ रिमेंबरेंस' संग्रहालय का दौरा किया। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कारगिल विजय दिवस पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कारगिल विजय दिवस पर द्रास में कारगिल युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने अपने एक संदेश में कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सेना के पराक्रम, शौर्य और दृढ़ निश्चय का प्रतीक है। आज के इस गौरवशाली दिवस पर उन सभी शूरवीरों को नमन, जिनके अदम्य साहस से यह विजय हासिल हुई। देश के स्वाभिमान और संप्रभुता की रक्षा के लिए भारतीय सेना सदैव समर्पित है। भारतीय सेना ने कहा कि कारगिल विजय दिवस उन बहादुरों की निडर बहादुरी और साहस की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने खून और बलिदान से इतिहास में एक सुनहरा अध्याय लिखा। उन्होंने दुश्मन के दुस्साहस का करारा जवाब दिया और इस देश को शानदार जीत दिलाई। सीओएएस जनरल मनोज पांडे ने कारगिल युद्ध स्मारक, द्रास में एक भव्य समारोह 'शौर्य संध्या' में कारगिल युद्ध के बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



**भारत ने फिलहाल रूस से पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे, मिसाइल प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पाले में**

## भारत बनाएगा 400 किमी. रेंज का एयर मिसाइल डिफेंस सिस्टम

**नई दिल्ली: भारत** अपनी 400 किलोमीटर श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली लंबी दूरी की मिसाइल वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है। तीन स्तरीय लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली विकसित करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के पास है और जल्द ही इसे मंजूरी मिलने की उम्मीद है। भारत ने फिलहाल रूस से पांच एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम खरीदे हैं, जिनमें से तीन की आपूर्ति हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) अपना स्वयं का 400 किलोमीटर लंबी दूरी का वायु रक्षा प्रणाली विकसित कर रहा है, जो रूस से लिए गए एस-400 सिस्टम के बराबर है। यह प्रस्ताव अग्रिम चरण में है और जल्द ही रक्षा मंत्रालय से मंजूरी दे दी जाएगी। इस परियोजना की अनुमानित लागत 2.5 बिलियन डॉलर है, जिससे भारत को हवा में दुश्मन की संपत्ति को मार गिराने की स्वदेशी क्षमता मिलेगी। मिसाइल प्रणाली में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की तीन परतें होंगी, जो विभिन्न दूरी पर लक्ष्य को भेद सकेंगी। भारत ने पहले ही मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली एमआर-एसएएम विकसित करने के लिए इजरायल के साथ काम किया है, जो 70 से अधिक किलोमीटर तक हवाई लक्ष्य पर हमला कर सकती है।



## वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव: 55 लाख का नुकसान

**नई दिल्ली: वंदे** भारत' ट्रेनों के आने से रेल यात्रा और भी ज्यादा आरामदायक और रोमांचक हो गई हैं। इसमें यात्रा करने से समय की बचत तो होती है, सुविधाओं को लेकर यात्रियों को एक नए तरह का अनुभव भी मिलता है। 'वंदे भारत' ट्रेनों की जितनी प्रशंसा हुई है, उतनी ही इसे लेकर घटनाएं भी सामने आई हैं। इस बीच, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 26 जुलाई (बुधवार) को संसद को बताया कि 2019 से वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव से हुए नुकसान के कारण रेलवे को 55 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।



पथराव में शामिल 151 लोगों को किया गिरफ्तार: लोकसभा में एक सवाल के जवाब में केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा कि ऐसी घटनाओं के जवाब में पथराव में शामिल 151 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि हालांकि किसी यात्री की जान जाने या किसी यात्री के सामान की चोरी या क्षति की कोई घटना सामने नहीं आई है।

## खबर संक्षेप

### मोटर साइकिल से जा रहे शिक्षक को ट्रक ने कुचला मौके पर दर्दनाक मौत

**मऊआइमा।** मोटरसाइकिल से एक वित्तविहीन विद्यालय के शिक्षक स्कूल के काम से ब्लाक जा रहे थे। मंगनापुर स्थित नेशनल हाईवे पर सामने से आ रही ट्रक ने कुचल दिया जिससे शिक्षक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ट्रक को खडी करा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मऊआइमा थाना क्षेत्र के मूल्हापुर गांव निवासी राजपाल पटेल 40 वर्ष पुत्र स्वर्गीय बद्री प्रसाद बुधवार को सुबह ग्राम कखरी मातपुर स्थित ग्राम विकास जूनियर हाईस्कूल में वित्तविहीन विद्यालय में छात्रों को शिक्षा ग्रहण कराने गए। बताते हैं कि विद्यालय के किसी जरूरी काम से वह ब्लाक जा रहे थे । बताते हैं कि जैसे राजपाल की बाइक नेशनल हाईवे मंगनापुर के पास पहुंची सामने से आ रही ट्रक ने कुचल दिया। जिससे उनकी की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ट्रक खडी करा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । बताया गया कि मृतक पांच भाई हैं सभी एक साथ में रहते हैं। बडा भाई रामचन्द्र, रामजस, राज करन, फिर मृतक राजपाल, उनसे छोटा राजकुमार हैं। मृतक की माता रामरति तथा पत्नी भानुमति, एक पुत्र शिवम, एक पुत्री स्मृता का रो-रोकर बुरा हाल है।

# बीआरसी उरुवा का ताला तोड़कर कीमती उपकरण व महत्वपूर्ण अभिलेख चोरी

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बीती रात बीआरसी उरुवा कार्यालय के मेन गेट का ताला तोडकर अज्ञात चोरो द्वारा कार्यालय में रखा कीमती उपकरण एव महत्त्व पूर्ण अभिलेख चोरी कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी होने पर खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने केश दर्ज किए जाने हेतु मेजा पुलिस को लिखित शिकायत दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास खण्ड उरुवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटहा में स्थित बीआरसी उरुवा कार्यालय के मेन गेट के चैनल मे लगा ताला तोडकर बीते मगंलवार की रात्रि कुछ अज्ञात चोर दाखिल हो गये और कार्यालय में रखा दो लैपटाप, एक कंप्यूटर सिस्टम, प्रिंटर मशीन, साउंड माइक सिस्टम आदि के अलावा कुछ महत्वपूर्ण अभिलेख रजिस्टर व अन्य कीमती सामान पार कर बे खौफ चोर उठा ले गये सुबह जब बीआरसी उरुवा के कर्मचारी व संबधित अध्यापक कार्यालय पहुंचे तो कार्यालय का ताला टूटा देख दंग रह गये और आनन फानन में डायल 112 नबर पर चोरी की घटना की सूचना देने के साथ साथ नवागतुक खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह को भी घटना की जानकारी उनके अधीनस्थ कर्मचारियो ने दिया तत्पश्चात खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह बीआरसी पहुंचे और पूरे कार्यालय का जायजा लेने के बाद अज्ञात चोरों की धर पकड़ एव चोरी गये सामानों की बरामदगी हेतु केश दर्ज किये जाने के लिए मेजा थाने में लिखित शिकायती पत्र दे दिया है किन्तु खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह द्वारा दी गई शिकायती पत्र पर समाचार लिखे जाने तक एफआईआर नही लिखी गई थी गौरतलब है कि बीआरसी उरुवा मे हुई चोरी की घटना कोई नई बात नही है यहा कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियो की मिली भगत से पूर्व मे भी इस प्रकार की चोरी की घटनाये हो चुकी है हला कि इस सम्बंध में कैलाश सिंह के द्वारा प्रयागराज के पुलिस कमिश्नर सहायक पुलिस कमिश्नर प्रयागराज व एसीपी मेजा को अवगत करा दिया गया है।

**खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह ने मेजा थाने में दिया तहरीर**




## सप्ताह भर में पूर्व एवं प्राथमिक विद्यालयों में तीन बार हुई चोरी मचा हड़कंप

सहसों। थरवई थाना क्षेत्र के ग्राम सभा थानापुर के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने रसोई तथा कार्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखा अनाज व अन्य सामग्री उठा ले गए। सुबह प्रधानाध्यापिका गिरिजा देवी जब विद्यालय में पहुंची तो देखा ताला टूटा हुआ था और अंदर से सामान सब गायब मिला। बता दें कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय थानापुर में ही तीन दिन पूर्व शनिवार की रात को ताला काटकर उसमें रखें सभी सामान चोरी कर ले गए थे। जिसकी सूचना ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी सिंह एवं प्रधानाध्यापिका गिरजा देवी ने थरवई थाने में जाकर लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। प्रधानाध्यापिका ने बताया कि तहरीर देने के बावजूद पुलिस जांच पड़ताल करने नहीं आई। चोरों का हौसला बुलंद होने के कारण मंगलवार की रात पुनः रसोई तथा कार्यालय का ताला तोड़कर उसमें रखे अनाज तथा ब्लूटूथ स्पीकर चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापिका थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इसी तरह सराय इनायत थाना के पुलिस चौकी सहसों अंतर्गत ग्राम सभा सेमरा उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार की रात विद्यालय के रसोई का ताला तोड़कर दो गैस सिलेंडर, दो भगोना एलमुनियम बड़ा, एक गैस चूल्हा, तीन कूकर, एक कड़ाही, 20 थाली, एक फ्राई पैन अज्ञात चोरों ने उठा ले गए। शनिवार की सुबह विद्यालय की प्रधानाध्यापिका रंजना सिंह जब विद्यालय पहुंची तो देखा कि रसोई का ताला टूटा हुआ है और सारा सामान गायब मिला। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ने ग्राम प्रधान आनंद कुमार कुशवाहा की मौजूदगी में रसोई घर में जाकर देखा तो रसोई की सारी सामग्री चोर उठा ले गए थे। जिसकी लिखित तहरीर सराय इनायत थान में जाकर देते हुए प्रधानाध्यापिका ने प्राथमिकी दर्ज कराकर सामान बरामदगी एवं कार्रवाई की मांग किया है। क्षेत्र में सप्ताह भर में पूर्व माध्यमिक विद्यालय में लगातार दो बार एवं प्राथमिक विद्यालय में एक बार सहित तीन बार चोरी से लोगों में दहशत व्याप्त है।

# नेवढ़िया संविलियन स्कूल में बीईओ ने लगाई शिक्षा चौपाल

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** निपुण भारत अभियान के तहत नया प्रयोग में बुधवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी के मार्गदर्शन और खंड शिक्षा अधिकारी मेजा कैलाश सिंह के न्तृत्व में ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल नेवढ़िया के पूर्व माध्यमिक संविलियन स्कूल में लगाया गया।जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नवागत बीईओ मेजा कैलाश सिंह ने शिक्षा चौपाल के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों व अभिभावकों को परिषदीय स्कूलों में अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने हेतु भेजने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा से बढ़कर कोई धन नहीं है।उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह से शासन की योजनाओं के बारे में आप सब जानकारी लेते हैं।ठीक उसी तरह कम से कम हर माह स्कूल में आकर शिक्षक से अपने बच्चों के बारे में जानकारी हासिल करें।कहा कि अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेंजे,निश्चित रूप से आपका बच्चा मेधावी हो सकता है।उन्होंने उत्कृष्ट बच्चों को जहां पुरस्कृत किया वहीं शिक्षकों को



उनके अच्छे कार्य के लिए सम्मानित भी किया। एआरपी गिरीश तिवारी ने अपने उद्बोधन में उपस्थित अभिभावकों को एक उदाहरण के तौर पर समझने का प्रयास किया कि जिस तरह से महिलाएं ब्यूटी पार्लर से निकल कर आत्म विश्वास के साथ निर्धारित स्थान पर जाती हैं।ठीक उसी तरह से यदि आप सभी अभिभावक अपने बच्चों को तैयार कर स्कूल नियमित रूप से भेजेंगे तो उनका आत्म विश्वास बढ़ेगा और शिक्षा के प्रति उनका लगाव भी बढ़ेगा। इसके तहत प्रत्येक ब्लाक की तीन ग्राम पंचायतों में इन शिक्षा चौपाल का आयोजन किया जायेगा। इसमें विभिन्न गतिविधियों के अलावा उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। गत 25 जुलाई को शासनादेश के बाद नवागत खंड शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को गुनई गहर पुर और नेवढ़िया स्कूल में शिक्षा चौपाल लगाकर अभिभावकों को जागरूक किया।इससे पूर्व विद्यालय की छात्राएं अंशु,विजय लक्ष्मी,मुस्कान और चांदनी ने स्वागत गीत से मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी कैलाश सिंह का स्वागत किया। संचालन ईआरपी गोपाल कृष्ण यादव और अध्यक्षता पूर्व प्रधान श्यामकृष्ण राय ने किया। इस मौके पर एआरपी पुष्पराज सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक कैलाश नाथ, सहायक अध्यापक शिवबाबू सिंह, रविन्द्र मोहन सिंह, दिया साहू, सुरेंद्र कुशवाहा, रूपेश कुमार सिंह, त्यागी, सीमा तथा अभिभावक कुशल तौलन अनिल, जय नारायण, विमला, पार्वती, प्रेमा, मीरा आशा, सुनीता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा देवी प्रेमा देवी सहित भारी संख्या में अभिभावक व समाजसेवी मौजूद रहे।

## निपुण बालक व बालिकाओं को किया गया जागरूक

**जारी।** विकास खण्ड कौंधियारा में शिक्षा चौपाल का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में ग्राम पंचायत अकोढ़ा में ब्लॉक प्रमुख इन्द्र नाथ मिश्र के अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं पूजन से शुभारम्भ हुआ। जिसके साक्षी पूनम कुशवाहा ग्राम प्रधान अकोढ़ा, मनोज कुशवाहा प्रतिनिधि प्रधान अकोढा व समर बहादुर सिंह वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता , सम्मानित अभिभावक रहे । कार्यक्रम का संचालन ए आर पी अनिल कुमार सिंह द्वारा किया गया। जिन्होंने शिक्षा चौपाल के औचित्य पर और निपुण के कार्ययोजना आदि पर चर्चा की। एआरपी अनुराग पाण्डेय द्वारा दीक्षा/रीड एलांग तथा विनोद कुमार मल्ल ने डी बी टी पर विस्तृत रूप से सभी के समक्ष विचार साझा किया। संचित श्रीवास्तव , वन्दना श्रीवास्तव द्वारा गणित किट व टीएलएम के प्रदर्शन किया गया। माधवेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश, रतन कुमार और कमल कुमार सिंह द्वारा परिवेशीय निपुण नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से अभिभावकों कों जागरूक किया गया। जिसके उपरान्त ब्लॉक प्रमुख, ग्राम पंचायत के प्रधान, सदस्यगण और सक्रिय अभिभावकों द्वारा शासन के महत्वाकांक्षी योजना से विद्यालय के साथ हर कदम पर सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। तो वही ब्लाक प्रमुख इन्द्र नाथ मिश्र द्वारा बच्चों को शुद्ध पानी पीने हेतु प्रा वि अकोढ़ा को एक आरो प्लांट उपलब्ध कराने की घोषणा भी की गयी । जिनका मुक्त कण्ठ से खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम में रामसुरेश वर्मा, फरहत परवीन, रतन शर्मा, दुर्गेश मिश्र, आशीष त्रिपाठी, शंकर दत्त शुक्ल, रुची केशरवानी, मधु सिंह, यास्मीन, अब्दुल अलीम आदि की सहभागिता रही।

**ग्राम पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का बृहद आयोजन**



# सौभाग्यशाली लोगों के यहां जन्म लेती हैं बेटियां : डा. अस्मिता सिंह

अखंड भारत संदेश

**जसरा।** बेटियां कुदरत का अनमोल तोहफा होती हैं। जिस घर मे बेटियों को शिक्षा एवम समान अवसर प्राप्त होते हैं वह घर आगे चलकर समाज एवम राष्ट्र मे अपना अलग स्थान बनाता हैं इसलिए बेटियों को बेटों के समान बिना किसी भेदभाव के आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए उक्त बातें आराध्या फाउंडेशन की अध्यक्ष डा अस्मिता सिंह ने मंगलवार को क्षेत्र के बनवारी लाल यादव स्मारक कान्वेंट एवम कालेज मे छात्राओं के प्रोत्साहित करते हुए बतौर मुख्यअतिथि के रूप मे बोल रहीं थी आगे उन्होंने वृक्षारोपण की महत्ता पर सम्बोधित करते हुए यह भी कहा कि वृक्ष जीवन के आधार हैं बिना पेड़ों के जीवन संभव नहीं हैं। वृक्ष फल-फूल, औषधियों के साथ प्राणवायु प्रदान करते हैं। वर्तमान मे विकास के नाम पर बेतहासा पेड़ों की कटाई हों रहीं हैं उनके स्थान पर पर्याप्त मात्रा मे वृक्षारोपण एवम संरक्षण नहीं किया जा रहा हैं इनसे निकट भविष्य मे काफी भयावह परिणाम देखने को मिलेंगे।अपने सम्बोधन के उन्होंने यह भी कहा कि जिनके सौ भाग्य सही होते हैं उनके यहाँ ही बेटियां जन्म लेती हैं। यही बेटियाँ आगे चलकर बेटी, पत्नी, माँ इत्यादि रिश्तों के माध्यम से दो घरों को जोड़ने का काम करती हैं। इस दौरान फाउंडेशन की अध्यक्ष डा अस्मिता सिंह ने फाउंडेशन के द्वारा विद्यालय मे पांच किलोवाट सोलर उपकरण का उदघाटन करते हुए यह जानकारी प्रदान की आगामी स्वतंत्रता दिवस पर गंगापार क्षेत्र के दो एवम यमुनापार के तीन विद्यालयों मे सोलर उपकरण भेंट किया जाएगा जिसका चयन इसी माह के अंत तक कर लिया जाएगा।कार्यक्रम को डा सीमा साहनी, अरुणा यादव, मोहिनी शर्मा, प्रभा चौधरी आदि प्रमुख वक्ताओं ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर आम, कदम्ब, चितवन, रबड़, मौलश्री इत्यादि पौधे विद्यालय परिसर मे रोपे गये। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका हेमा सिंह एवम अध्यक्षता पूर्व प्रमुख कंचन वर्मा ने किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रभाकर यादव ने आये हुए अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।उक्त कार्यक्रम मे विद्यालय के छात्र -छात्राओं सहित अभिवावक मौजूद रहे।



# सपा नेता ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं निवर्तमान प्रदेश सचिव नरेंद्र सिंह ने दिन बुधवार को समाजवादी पार्टी विधानसभा कार्यालय कोरांव में नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल जिला उपाध्यक्ष एवं विधानसभा कोरांव प्रभारी राजेश पांडे जिला उपाध्यक्ष ललन सिंह पटेल जिला सचिव दिनेश पटेल ब्लॉक अध्यक्ष हरिप्रसाद पाल नगर अध्यक्ष मेहताब खान प्रधान संघ अध्यक्ष रामानुज यादव यादवेंद्र अहीर समेत प्रमुख पदाधिकारियों का माला पहना कर स्वागत एवं अभिनंदन किया। सपा नेता सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी के रीढ़ होते है और कार्यकताओं के दम पर ही पार्टी का अस्तित्व होता है इसलिए सपा के शीर्ष नेतृत्व के दिशा एवं निर्देश पर कोरांव विधानसभा में पहुंचकर कार्यकताओं का मान और सम्मान किया गया। उन्होंने कार्यकताओं को आश्वस्त किया कि आपके मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए सदैव तत्पर रहूंगा मौके पर उपस्थित विधानसभा अध्यक्ष सोमदत्त सिंह पटेल ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार से सपा के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा पार्टी कार्यकताओं के लिए इस प्रकार से आयोजन किए जा रहे हैं निश्चित ही इससे कार्यकताओं में एक नई उमंग की उत्पत्ति होगी और वह दोगुनी जोश के साथ पार्टी हित में कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अश्वनी पटेल पवन सोनकर महेंद्र यादव प्रधान रविंद्र जैसल प्रधान राजेश यादव सुमन कोल दीपक पटेल मंगला कोल नौशाद अंसारी शहादत अली शिवदानी पाल लालजी पाल निराला रामदेव निडर कोल सीमा अंसारी रंजना जैसल गीता कोल आदि लोग उपस्थित रहे।

**कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है : नरेंद्र सिंह**




# कोरांव में हिंदू-मुस्लिम एकता की मिशाल है मोहर्रम का त्योहार

**भंवरहा में ठाकुर नेपाल सिंह परिवार के पूर्वजों से चली आ रही ताजियादारी, मौलवी गुलाम कादिर साहब जमीदार बैरिस्टर वाराणसी ने महुली न्यायपंचायत में शुरू कराई**

शहजादे

**कोराव।** देश में कुछ भी नफरतें फैलाई जाएं,किंतु जिला इलाहाबाद का कोरांव क्षेत्र हिंदू मुस्लिम का कोई भी पर्व हो सभी शानो शौकत के साथ मिल जुल कर मनाते हैं और सासन की कानून व्यवस्था का सहयोग करते हैं। दर असल कोरांव के ग्राम भौंवरहा में निः संतान ठाकुर दया शंकर सिंह के दादा के दादा के भी दादा ठाकुर नेपाल सिंह ने ब्रिटिश हुकूमत में उससे पूर्व से ही इमाम हुसैन की मोहब्बतो यादगार और अकीदत से पुरनूर हो कर ताजिया बना कर निकालने उनका इमामबाड़ा बनाने फातेहा नियाज लंगर वगैरह का आयोजन इस किए शुरू किया था कि उनके कोई संतान नहीं हो रहे थे। मोहर्रम में कहीं जा कर औलाद के लिए मन्नत मानी थी। और ऊपर वाले के रहमों करम से उन्हें औलाद की प्राप्ति हुई। उस वक्त से नेपाल सिंह ने ताजियादरी शुरू की जो आज तक उनके वंशज वर्तमान में ठाकुर दया शंकर सिंह छोटेलाल सिंह आदि मोहर्रम के पर्व पर ताजिया बना कर निकालते हैं।उनकी याद में फातेहा लंगर वगैरह करते हैं। ठाकुर समाज की ताजिया उक्त गांव से कोसफरा होते हुए काफी दूर से कस्बा कोराव में सभी ताजियों से मिलन करती हैं। मोहरम का पर्व हजरत मोहम्मद साहब के नेवाशे हजरत अली और बीबी फातिमा के लखते जिगर हजरत इमाम हुसैन की याद में बड़े ही गमगीन माहौल और पुरनम आंखों के साथ मनया जाता है। जो मोहर्रम का माह शुरू होते ही नया साल के रूप में इस्लाम धर्म के लोग मनाते हैं।




## अपने ही हो जाते हैं असली दुश्मन

इतिहास गवाह है हमेशा अपनों ने ही किले को ढहवाये हैं,चाहे हजरत इमाम हुसैन का कुनबा सफाया हुआ हो चाहे लंकेश रावण का रहा हो। घर के भेदी ही हर समाज कुनबों में होते हैं। इमाम हुसैन को शहीद कराने में कोई आलीम था तो कोई हाफिज था तो कोई कारी था। जिन्होंने यजीदियों का साथ दिया,जिन्हे उनकी व्हदानियत रास नहीं आ रही थी। जो आज के भी दौर में नजर आ रहा है।



**"मैं और मेरा पूरा परिवार खादान दादे बाबे के जमाने से मोहर्रम का त्योहार बड़े शानो शौकत अकीदत आस्था के साथ मनाता चला आ रहा हूं पीढ़ी दर पीढ़ी से और आगे भी यूं ही परंपरा चलती रहेगी।,,**

दया शंकर सिंह
ग्राम सभा भवरहा कोरांव

मौलवी गुलाम कादिर साहब जमीदार ने भी रामलीला की शुरूआत महुली में कराई थी। इसी तरीके से ग्राम महुली न्याय पंचायत में रहे जमीदार और नवाब मौलवी गुलान कादिर साहब जो बार ऐट ला थे पूर्व मुख्य मंत्री भुगुना जी के करीबी थे अपनी जमीदारी हुकूमत से ही हिंदुओं की आस्था का सम्मान करते हुए रामलीला शुरू कराई थी और जमीन भी दान दी थी। जो आज तक वहां रामलीला होता है। और सभी वर्ग मिल जुल कर उक्त प्रथा को अंजाम देते रहे हैं। अगर थाने कोरांव के त्योहार राजिस्टरों पर गौर फरमाया जाए तो उक्त पर्वों और सरकार तथा कानून और शांति व्यवस्था के लिए कितने लोगों ने सहयोग प्रदान किया और कितने लोगों ने अशांति पैदा की और कौन कौन कार्यवाही के पात्र बने। ज्ञात हो जायेगा। इमाम हुसैन ने अन्याय असत्य और हिंसा के विरुद्ध अपना जालिमों के सामने सर नहीं झुकाया बल्कि सर कटवा देना जरूरी समझा। अगर देखा जाए तो कवियों ने इमाम हुसैन के नहर फरात के किनारे जालिमों के द्वारा उनके पूरे कुनबे को शहीद कर देने पर बहन भाई गंगा जमुना ने फरात से तो रो रो कर कहा था कि तुम कैसी नहर फरात हो कि तुम्हारे सामने इमाम हुसैन शहिद किए गए और तुम वह मंजर देखती रही। काश नहर फरात हम भाई बहन गंगा जमुना लोग होते तो यजीदी जालिमों को अपने पानी के प्रवाह से समेट कर नेस्त नाबुद कर देते। ऐसे तजकिरे किए गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### गोल्ड मेडलिस्ट छात्र मयंक तिवारी का रक्षा मंत्रालय में सीनियर आपरेटर पद पर हुआ चयन



**करछना।** यमुनापार परिक्षेत्र के प्रमुख एवं प्राचीन तहसील करछना में बेदो स्थित प्रयाग इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी ऐड मैनैजमेट मे गत मंगलवार बीटेक सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के छात्र मयंक त्रिपाठी का मिश्र धातु निगम लिमिटेड (रक्षा मंत्रालय) मे सीनियर ऑपरेटर ट्रेनी (SOT) पद पर चयन हुआ है। इससे पहले भी मयंक ने अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित जोनल स्पोर्ट्स मे जेवेलियन थ्रो मे गोल्ड मेडल ( प्रथम स्थान) लाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस मौके पर संस्था के चेयरमैन ज्ञान सिंह पटेल एवं सचिव विकास सिंह ने चयनित छात्र के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। संस्था के निदेशक डॉ एस सी तिवारी एवं कुलसचिव आशीष तिवारी ने होनहार छात्र मयंक को शुभकामनाएं दी। इस मौके पर सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। इस बात की जानकारी ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट आफिसर सुप्रिया श्रीवास्तव ने दी।

### एलकेजी के छात्र की पिटाई से हाथ टूटा, प्रबंधक के खिलाफ शिकायत



**करछना।** विद्यालय में पढ़ने गया एलकेजी का छात्र विद्यालय में पिटाई से उसका हाथ टूट गया छात्र के पिता ने प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य के खिलाफ करछना थाने में लिखित शिकायत कर दोषी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है प्राप्त जानकारी के अनुसार पीवीआर एकेडमी भरहा करछना में करछना गांव निवासी धीरेंद्र कुमार गौतम का पुत्र धैर्य कुमार गौतम पीवीआर एके-डमी भरहा में एलकेजी का छात्र है 18 जुलाई को वह स्कूल में गया तथा वहां पर छात्रों द्वारा किसी बात को लेकर डंडे से पिटाई कर दिए जाने से धैर्य कुमार गौतम का हाथ टूट गया जिसको लेकर प्रबंधक एवं प्रधानाचार्य ने एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाकर पट्टी मरहम कराकर छोड़कर फरार हो गए तथा विद्यालय परिसर में छात्रों के साथ हो रही इस तरीके से अनहोनी एवं गैर जिम्मेदाराना प्रबंध तंत्र के खिलाफ पीड़ित छात्र के पिता ने 24 जुलाई को करछना थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है उनका आरोप है कि विद्यालय परिसर में छात्र को पीटने से उसका हाथ टूट गया जिसकी जिम्मेदारी प्रबंधक की है और वह छात्र बहुत गरीब परिवार का है उसका इलाज विद्यालय प्रबंध तंत्र कराएं अथवा उसके खिलाफ पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### विकास खण्ड धनूपुर में आयोजित हुई शिक्षा चौपाल



**हंडिया।** निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को प्राप्त करने तथा जनसमुदाय का भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से शिक्षा चौपाल का आयोजन विकास खण्ड धनूपुर के दसेर में आयोजित किया गया। यह चौपाल खण्ड शिक्षा अधिकारी धनूपुर डॉ प्रभा शंकर पांडेय की अध्यक्षता में आहूत की गई। कार्यक्रम विद्यालयो में कक्षा एक से तीन में पढ़ने वाले बच्चों को पढ़ने- लिखने की दक्षता प्राप्त कराते हुए निपुण बनाने के लिए संबंधित ग्राम सभा में जनप्रतिनिधियों, सम्मानित व्यक्तियों, बुजुर्गों, युवाओं सभी का सहयोग लेते हुए लक्ष्य प्राप्ति के लिए आयोजन किया जा रहा है।उपरोक्त कार्यक्रम में ग्राम प्रधान श्रीमती गायत्री देवी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक पुनीत सिंह, एआरपी बसंत लाल,प्रधान प्रतिनिधि संजीव कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय बहादुर यादव,एसएमसी अध्यक्ष अंसार अहमद,हरी लाल तिवारी तथा सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। खंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रभा शंकर पांडेय ने सभी लोगों से अपील किया कि आप लोगों की जिम्मेदारी है कि ग्राम सभा में कोई भी बच्चा नामांकन के लिए अवशेष ना बचे उसको प्रत्येक दिन विद्यालय में पहुंचाना आप लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है जिससे शिक्षा का स्तर गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए लक्ष्य की प्राप्त किया जा सके । खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय के 10 निपुण बालकों को सम्मानित किया तथा साथ ही साथ ग्राम सभा में 5 पुरुष और 5 वयोवृद्ध महिलाओं को फूल माला पहना कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यतया शिक्षक नेता अफरोज अहमद, शैलेंद्र उपाध्याय,रघुवीर कुमार, शिव प्रकाश शिवम,विनय कुमार आदि अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित रहे।

### स्मार्टफोन और टैबलेट पाकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे




**जारी।** जयनारायण सिंह चमेला देवी पीजी कॉलेज सेमरी बनका कौंधियारा में सरकार की महत्वाकांक्षी टैबलेट व स्मार्टफोन वितरण योजना ने बुधवार को मूर्त रूप लिया।कॉलेज में कुल 107 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किया गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी इन्द्रबली सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। तो वहीं कालेज के प्रबंधक दिनेश सिंह ने कहा कि आज के युग में स्मार्टफोन हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे हैं उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। उक्त कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमित पाण्डेय,नरेंद्र सिंह,शरद सिंह,राजेन्द्र पाण्डेय,लवकुश सिंह,नरेंद्र कुमार सिंह,अनीता राय,लवकेश, ज्ञान सिंह सहित समस्त शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

### बबुरा में सरकारी खाद्यान्न वितरक निर्विरोध निर्वाचित हुई सीता यादव



**करछना।** प्रयागराज वर्षों बाद काफी जद्दोजहद के उपरांत पीएसी एवं बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ सरकारी खाद्यान्न वितरक का चयन हुआ विकासखंड करछना के बबुरा ग्राम पंचायत के खाद्यान्न वितरण आवंटन दुकान का निर्विरोध चयन हुआ बुधवार को बबुरा में कोटा चयन को लेकर एबीएसए अनिल तिवारी एडीओ पंचायत रमाकांत पांडे जेएमआई बृजभूषण मौर्य एनआरएम धर्मेंद्र यादव तथा सचिव आरती यादव एवं संजीव श्रीवास्तव प्रधान निर्मल कुमार सिंह के नेतृत्व में कोटे की चयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई उस दौरान नामांकन में सीता यादव एवं खुशबू यादव ने नामांकन भरा था जिसमें जांच के दौरान खुशबू यादव का 2 गांव में अलग-अलग आधार पाए जाने पर पर्चा निरस्त कर दिया गया जिससे सीता यादव निर्विरोध निर्वाचित हुई बताया जाता है कि इसके पूर्व में कोटा आवंटन को लेकर बबुरा ग्राम पंचायत में काफी जद्दोजहद के साथ चयन प्रक्रिया कराई गई थी जिसमें काफी बवाल मारपीट एवं मुकदमे बाजी हो गई थी जिसको लेकर इस बार अधिकारियों ने पूरी व्यवस्था के साथ पुलिस के अलावा डेढ़ सेक्शन पीएसी कयी थानों की फोर्स मौके तैनाती की गई थी।

### शिक्षक ने जन्मदिन पर संकल्प के साथ किया पौधारोपण



सहसों। सामाजिक उत्थान संस्थान प्रयागराज के तत्वावधान में संस्था के वरिष्ठ/शिक्षक सत्येंद्र सिंह ने मंगलवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर सहृदय संकल्पित होकर पर्यावरण की सुरक्षा एवं शुद्ध प्राण वायु तथा हरियाली मिशन के साथ उन्होंने अपने आवास सहित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज कसेरुआ एवं छत्रपति साहूजी महाराज गोल पार्क चौराहा सहसों पर नीम, पीपल, तथा फलदार पौधे का वृक्षारोपण किए। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के पदाधिकारियों, कार्यकताओं, जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, प्रबुद्ध जनों एवं आम नागरिकों से निवेदन के साथ कहा कि अगर हर एक व्यक्ति अपने जन्मदिन पर प्रत्येक वर्ष एक-एक पौधा रोपित करें तो शुद्ध प्राणवायु के साथ स्वस्थ्य जीवन जीने के लिए स्वच्छ पर्यावरण के साथ स्वच्छ वातावरण तथा हरियाली को बचाया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### स्थगन आदेश के बावजूद जबरन किया जा रहा कब्जा

**प्रयागराज।** जनपद के हंडिया तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सिरसा गांव की है जहां स्थगन आदेश के बाद भी दबंगों के द्वारा जबरन कब्जा किया जा रहा है पीड़ित ने स्थानीय थाने पर लिखित शिकायत दिया लेकिन इसके बावजूद भी कोई कार्यवाही नहीं होने से दबंगों के हौसले बुलंद हैं और लगातार निर्माण कार्य किया जा रहा है। सिरसा गांव निवासी पीड़ित हरिशंकर पुत्र दौलत ने उपजिलाधिकारी हंडिया को लिखित शिकायत प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि प्रार्थी की ग्राम सभा में स्थित गाटा संख्या का मुकदमा अंतर्गत धारा 116 ग्राम मौजा सिरसा का बाद एसडीएम के न्यायालय में विचाराधीन है माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति बनाए रखने का आदेश किया गया है तथा विपक्ष को मौके पर यथास्थिति कायम रखने का आदेश दिया गया है लेकिन इसके बावजूद भी विपक्षी गणों द्वारा जबरिया टीन सेट रखकर मौके की नवैयत बदली जा रही है इतना ही नहीं विपक्षियों के द्वारा नया मकान का निर्माण करके दुकान खोल लिया गया है और न्यायालय के आदेश की अवहेलना की जा रही है विरोध करने पर विपक्षियों के द्वारा धमकी दिया जा रहा है लेकिन पीड़ित ने जब उक्त मामले की शिकायत स्थानीय थाने पर किया तो उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है जिससे पीड़ित काफी ज्यादा परेशान है और न्याय के लिए दर-दर भटक रहा है।

# महापौर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविका के पद वितरित किया नियुक्ति पत्र

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** बाल विकास पुष्टाहार विभाग उ0प्र0 लखनऊ द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविका के पद पर चयनित/प्रोन्नत करते हुए बुधवार को पूरे प्रदेश में एकसाथ नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका के पद पर पूरे प्रदेश में से 320 अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जिसमें 09 अभ्यर्थी प्रयागराज जनपद के रहे। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी, सदस्य विधान परिषद सुरेन्द्र चौधरी, ब्लाक प्रमुख सोरांव प्रदीप कुमार पासी एवं जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री द्वारा संगम सभागार में आयोजित कार्यक्रम में 09 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र अपने कर कमलों से वितरित किया गया। महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी ने अपने सम्बोधन में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मुख्य सेविका के पद पर चयनित/प्रोन्नत अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यह प्रदेश सरकार का क्रांतिकारी कदम है। आज प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तीकरण के लिए प्रभावी तरीके से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में आंगनबाड़ी कार्यकत्रिया समर्पण के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के ऊपर बहुत जिम्मेदारी होती है और वे अपनी जिम्मेदारियों का पूरी ईमानदारी व निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। महापौर ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री गरीब एवं असहाय बच्चों का ध्यान रखती है और इस कार्य से आपको खुशी भी मिलती है। एक बार फिर से आप सभी को आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं। विधान परिषद सदस्य सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रदेश सरकार संवेदनशील होकर कार्य कर रही है। जो भी मेहनत व ईमानदारी के साथ कार्य करेगा, वह आगे जरूर बढ़ेगा। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से कहा कि सेवा के दौरान आप जहां पर भी रहे, पूरी ईमानदारी व लगन के साथ कार्य करें। विधायक शहर उत्तरी हर्षवर्धन वाजपेयी ने कहा कि आगे बढ़ने के साथ-साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ती है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से पूरी जिम्मेदारी के साथ अपने कार्य को करने के लिए कहा। आप सभी को आपके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री ने सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी की यह चाहत होती है, वह आगे बढ़े। आज आप लोगो का मुख्य सेविका के पद पर चयनित/प्रोन्नत हुई है। आप जिस कार्य को पूरे मनोयोग के साथ करते है तथा उसे और कैसे बेहतर किया जा सकता है, के बारे में सोचेंगे तो निश्चित तौर पर आगे बढेंगे और सफलता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि जिम्मेदारियों के बढ़ने से आपको आगे और कड़ी मेहनत के साथ अपने कार्य को करना होगा। आप लोग यदि अपने मनोयोग के साथ कार्य करेंगी, तो आपको अपने कार्य क्षेत्र में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने व अन्य लोगो को भी इसके लिए प्रेरित करते रहने के लिए कहा। इस अवसर पर दिनेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं श्रीमती संजिता सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर प्रथम, ओम प्रकाश यादव बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर द्वितीय, श्रीमती विनीता अग्रहरि बाल विकास परियोजना अधिकारी जसरा, प्रह्लाद बाल विकास परियोजना अधिकारी, सैदाबाद, आनन्द सिंह बाल विकास परियोजना अधिकारी करछना, सोम प्रकाश तिवारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी फूलपुर, बाल विकास परियोजना अधिकारी/प्रभारी, चाका एवं मेजा, मुख्य सेविकाएं उपस्थित रहीं।

## न्यूज झरोखा

### धारा सिंह के निधन से गांव में छाया शोक सांत्वना देने पहुंचे कई जनप्रतिनिधि



**हनुमानगंज।** बहादुरपुर ब्लॉक के कोटवा गांव निवासी धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धारा सिंह (57) का आकस्मिक निधन हो गया। उनकी पत्नी उर्मिला सिंह जिलापंचायत सदस्य थी। धारा सिंह काफी समय से लीवर की बीमारी से जूझ रहे थे। सोमवार को वह झारखंड (देवघर) बाबा धाम का दर्शन कर-के घर लौटे थे। उनके निधन की खबर सुनते ही जिला पंचायत अध्यक्ष वीके सिंह, फूलपुर विधायक प्रवीण पटेल, बहादुरपुर ब्लाक प्रमुख अरुणेंद्र यादव डब्बू, पूर्व ब्लाक प्रमुख राजकुमार सिंह उर्फ रिन्कू, पार्षद अनिल कुमार यादव धुन्नू, पार्षद शिवनारायण यादव घुन्नू, भाजपा नेता राकेश बहादुर सिंह, मनू प्रताप सिंह, गोपीनाथ स्वर्णकार आदि परिजनों को ढ़ाढ़स बंधाने घर पहुंचे। धारा सिंह के पुत्र तारा सिंह ने बताया कि गुरुवार की सुबह 8 बजे घर के पास गंगा घाट पर अंत्येष्टि की जाएगी।

### ऊंचडीह में सरकारी गल्ले की दुकान का हुआ चयन




**सिरसा।** मेजा क्षेत्र उरुवा विकासखंड के ऊंचडीह गांव में सरकारी गल्ले की दुकान का किया गया चयन। चयन को लेकर ग्रामसभा में एक बैठक किया गया। जिसमें प्रियंका तिवारी का चयन कर कोटेदार सर्वसम्मति से बनाया गया।बता दें कि बुधवार को हुई बैठक में कोटेदार के लिए दो दावेदार प्रियंका तिवारी व लता सिंह रही। जिसमें प्रियंका तिवारी को 336 मत मिला और लता सिंह को 49 मत मिला। बैठक में प्रियंका तिवारी को कोटेदार बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता सहायक विकास अधिकारी सुदामा राम गावड़े ने किया। बैठक में ग्राम प्रधान लक्ष्मीना देवी, प्रधान प्रतिनिधि मुन्ना, एडियो एस टी बृजेश तिवारी, ग्राम सचिव पवन पटेल सहित ग्रामवासियों लोग मौजूद रहे।

### पंचायत भवन का ताला तोड़कर लाखों की चोरी, दी तहरीर




**सोरांव।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत भवन जल्लूपुर में बीती रात अज्ञात चोरों द्वारा पंचायत भवन का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए तथा पंचायत भवन में रखा कंप्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, डीवीडी, एलईडी, इन्वर्टर, बैटरा, लैपटॉप आदि लाखों का सामान चोर उठा ले गए। तथा आलमारी में रखा आवश्यक दस्तावेज भी तितर बितर कर दिए। मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी ऋतुप्रिया और ग्राम प्रधान मूल चंद्र पटेल ने सोरांव थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। जानकारी के अनुसार जल्लुपुर के प्रधान मूलचंद पटेल बुधवार सुबह पंचायत भवन पर गए तो देखे कि भवन का ताला टूटा हुआ है। और अंदर रखा सारा सामान गायब है। इसकी सूचना ग्राम प्रधान ने सचिव ऋतु प्रिया को दिए। सचिव और ग्राम प्रधान ने थाने पर लिखित तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग किया है। हालांकि इसी पंचायत भवन पर बीते कुछ माह पहले भी ताला तोड़कर प्रिंटर, यूपीएस,टीएफटी, स्कैनर सहित लाखों की चोरी हुई थी। इन लगातार हो रही चोरी से क्षेत्र में दहसत है। और पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। जबकि घटना स्थल थाने से कुछ ही दूरी पर स्थित है।

### राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना अंतर्गत वितरण किया गया मोटा अनाज का बीज



**सोरांव।** सोमवार को सोरांव संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख सोरांव प्रदीप पासी के मौजूदगी में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन एवं श्री अन्य (मोटे अनाज) योजना के अंतर्गत दलहन एवं मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए राजकीय कृषि बीज भंडार पर ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में किसानों को रागी, सांवा, कोदो, बाजरा एवं अरहर के मिनी किट का निःशुल्क वितरण किया गया। इस मौके पर कृषि रक्षा इकाई प्रभारी छोटे लाल यादव के द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत चूहा एवम छछूंदर नियंत्रण की जानकारी भी दी गई। सहायक विकास अधिकार( कृषि) सत्य प्रकाश यादव के द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सम्मान निधि योजना की ई केवाईसी एवं अन्य बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दिए। तथा किसानों की आमदनी दुगना करने का भी मूल मंत्र दिए। विषय विशेषज्ञ सोरांव राहुल मौर्या के द्वारा कृषि विभाग की योजनाओं की विस्तृत जानकारी मौके पर उपस्थित किसानों को दी गई। इस मिनी किट वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग से क्षेत्रीय कार्मिक पूनम वर्मा, सुधीर सिंह, सागर मौर्य, उमाशंकर, विजय कुमार, राम सजीवन, देव शरण, विनोद मिश्रा,कृष्ण लाल पटेल, मूलचंद पटेल, विवेक तिवारी, अजय द्विवेदी आदि लोग मौजूद रहे। इस मौके पर कृषि बीज कार्यालय प्रभारी शैलेंद्र कुमार ने उपस्थित सभी कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित किए।

# जंक्शन पर मिलेगी बैट्री चालित कार की सुविधा

अखंड भारत संदेश

**सात अगस्त से शुरू हो रही यह व्यवस्था, प्रति यात्री 15 रुपये में कर सकेगा इसका उपयोग**




**प्रयागराज।** जंक्शन पर दिव्यांग व बुजुर्ग यात्रियों को होगी काफी सहुलियत। यात्रियों को अब प्लेटफार्म पर ज्यादा पैदल नहीं चलना होगा। दरअसल, रेलवे की ओर से अब यहां प्लेटफार्म पर बैट्री चालित कार की सुविधा मिलेगी। सात अगस्त से यह प्रयागराज जंक्शन पर शुरू हो रहा है। इसके अलावा कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर इसी तरह की व्यवस्था शुरू होगी। टेंडर आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। प्रयागराज मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि एक यात्री 15 रुपये देकर इस बैट्री चालित कार का लाभ ले सकता है। इससे दिव्यांग या वृद्ध यात्रियों को काफी राहत मिलेगी। प्लेटफार्म पर एक छोर से दूसरे छोर पर जाने के साथ साथ एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर भी आसानी से इससे जाया जा सकता है। पीआरओ ने बताया कि पूरी बैट्री कार बुक कराने के लिए यात्री को 70 रुपये देना होगा लेकिन इसके लिए यात्रियों की संख्या 05 तक या 05 से कम होनी चाहिए। जनसंपर्क अधिकारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि यह इसके लिए यात्रियों को टिकट बुक कराना होगा। स्टेशन पर रेल टिकट काउंटर की तरह ही इसका अलग काउंटर बनाया जाएगा, वहां शुल्क देकर यात्री बैट्री चालित कार की सवारी आसानी से कर सकता है। यह पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर होगा। जैसे यदि एक साथ कई लोग इसका टिकट बुक करा लिए तो जो यात्री पहले टिकट बुक कराया होगा उससे पहले इसका लाभ मिलेगा। बता दें महाकुंभ-2025 को देखते हुए यह व्यवस्थाएं की जा रही है।

# प्रयागराज से मैहर धाम की राह होगी आसान, परिवहन मंत्री ने रोडवेज अफसरों से की बात

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** प्रयागराज से मां शारदा देवी के दर्शन करने के लिए मैहर धाम जाने वाले लोगों को सीधी बस सेवा की सौगात मिलेगी। यूपी रोडवेज के प्रयागराज रीजन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि शारदीय नवरात्र के दौरान प्रयागराज से मैहर के लिए सीधी बस सेवा शुरू हो सकती है। दरअसल प्रयागराज के जीरोरोड डिपो से मध्य प्रदेश स्थित मैहर के लिए सीधी बस चलती थी। लेकिन बाद में यह सेवा बंद कर दी गई है। जिससे लोगों को भी परेशानी हुई। हालांकि तमाम प्राइवेट ऑपरेटर द्वारा प्रयागराज रीवा, कटनी, सतना आदि शहरों के लिए बस चलाई जा रही है, लेकिन कुछ ऑपरेटरों द्वारा मनमाना किराया लिए जाने की वजह से लोगों को दिक्कत होती है। इस समस्या को देखते हुए सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश तिवारी और राकेश पांडेय के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने लखनऊ जाकर परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह से मुलाकात की। इस दौरान परिवहन मंत्री से पूर्व में संचालित जीरोरोड डिपो की मैहर जाने वाली बस पुनः संचालित करने की मांग की। उनकी इस मांग पर परिवहन मंत्री ने प्रबंध निदेशक रोडवेज लखनऊ एवं क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज को दूरभाष पर प्राथमिकता से संगम प्रयागराज से मेजा, मांडा, रीवा होकर मैहर धाम (मध्य प्रदेश) तक बस सेवा प्रारंभ करने का निर्देश दिया। राकेश पाण्डेय ने बताया कि बस सेवा प्रारंभ होने से संगम और जमुनापार वासियों को बड़ी राहत मिलेगी। बताया जा रहा है कि यहां से मैहर के लिए दो बस चलाई जाएगी। इनका संचालन शारदीय नवरात्र के दौरान शुरू हो सकता है।

# रेलवे क्वार्टर में मिली 4 दिन पुरानी लाश

अखंड भारत संदेश

**दुर्गंध आने पर राहगीरों ने बुलाई पुलिस, हत्या की जताई जा रही आशंका**



**नैनी।** नैनी के छिवकी रेलवे स्टेशन की रेलवे कालोनी में जर्जर पड़े क्वार्टर में मंगलवार शाम को एक युवक की सड़ी गली लाश पाई गई। क्वाटर से दुर्गंध उठने पर एक राहगीर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर उसके शिनाख्त की कोशिश की, लेकिन उसकी पहचान नही हो सकी। लोग हत्या की आशंका जता रहे हैं। लोगों का कहना था कि अगर नॉर्मल व्यक्ति, वहां बीमारी या स्वाभाविक मौत से मरता तो उसके पास कोई न कोई डॉक्यूमेट, कागज, पर्स, मोबाइल कुछ न कुछ तो होता, लेकिन उसके पास कुछ नहीं मिला है। इसलिए ज्यादातर उम्मीद है कि उसकी हत्या की गई है। नैनी कोतवाली अंतर्गत चौकी प्रभारी छिवकी संदीप यादव ने बताया कि छिवकी के खाली रेलवे क्वार्टर में शाम को 36 वर्षीय एक युवक की लाश मिली। लाश लगभग तीन से चार दिन पुरानी थी। जिससे दुर्गंध उठ रही थी। उधर से गुजरे राजगीर ने पुलिस को सूचना दी। युवक नीली चेकदार शर्ट व स्किन कलर की ट्राऊँजर पैंट पहने हुआ था। उसके पास कोई डॉक्यूमेंट, मोबाइल या सामान नहीं मिला है। जिसकी वजह से उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा है। चौकी इंचार्ज संदीप यादव ने बताया कि अभी यह भी स्पष्ट नहीं कहा जा सकता कुछ की मौत कैसे हुई है। जब तक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट ना आ जाए। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# व्यापार मंडल ने किया चौड़ीकरण का विरोध

**बैठक में पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने कहा कि व्यापारियों की हक की लड़ाई जहां तक लड़नी पड़ेगी हम लड़ेंगे**

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी मेवालाल की बगिया तिराहे पर बुधवार को व्यापार मंडल के नेतृत्व में एक सभा आयोजित की गई जिसमें नैनी बाजार के व्यापारी शामिल हुए। आयोजित सभा मे सोमवार को पीडीए द्वारा नैनी रेलवे स्टेशन से हनुमान नगर होते हुए मिजार्पुर राष्ट्र मार्ग पर जोड़ने हेतु सड़क चौड़ीकरण का प्रस्ताव महाकुंभ से पहले है उसके लिये जद में आने वाले मकान व दुकान स्वामियों में हड़कंप मचा है। व्यापारियों का आरोप है कि नाप की जानकारी न तो किसी व्यपारी को दी गई न ही व्यपार मंडल के किसी प्रतिनिधि को ऐसी स्तिथि में पीडीए के अधिकारी के प्रति रोष व्याप्यत है।इस सभा की अध्यक्षता करते हुए वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि सभी व्यापारी एकजुट है और हम शासन -प्रशासन से मांग करते है कि की चौड़ीकरण के लिये जो नाप अधिकारियों ने किया है उससे संतुष्ट नही है। इस चौड़ीकरण में नैनी जं0 का भी कुछ भाग आता है लेकिन उधर को छोड़कर सारे नाप इधर हुए है जिसके कारण काफी व्यापारी जो साठ से सत्तर साल से रहते है उनका काफी हिस्सा आ रहा है जिससे कि वो बेघर हो जाएंगे।इस सभा के माध्यम से व्यापारियों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि पुनः इसकी जांच कर उचित नाप कर व्यापारियों को राहत दी जाए। इस सभा में पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जायसवाल, लाल जी जायसवाल, राजेश जयसवाल चाचू रमेश केशरवानी, चंद्रबली जाटव, लालू शर्मा, राजीव वर्मा (गुडविल),हरिकृष्ण तिवारी (बब्लू), सुजीत जायसवाल, सोनू अग्रवाल,रवि केशरवानी डॉ मोनू केसरवानी रोहित केसरवानी नूप केशरवानी अनु चाय वाले आदि बड़ी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का संचालन घनश्याम जायसवाल ने किया।

# काफी तेजी से बढ़ रहा है गंगा-यमुना का जलस्तर





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** में गंगा और यमुना का जलस्तर काफी तेजी से बढ़ रहा है। इससे संगम नोज तरह से ड्रब गया है। शहर के निचले हिस्से की बात की गया तो गंगा का पानी अशोकनगर के कछारी क्षेत्रों में पहुंच गया है। इसके अलावा छोटा बघाड़ा के बहुत करीब तक गंगा पहुंच गई हैं। संगम मुझसे तीर्थ पुरोहितों ने अपनी ताकत और सागर सामान अब ऊंचाई पर किले की ओर ले आए हैं अगर गंगा और यमुना का पानी अब बड़ा तो छोटा बड़ा के हजारों घर बाढ़ के पानी की चपेट में हों अभी तक गंगा और यमुना लगातार बढ़ रही थीं, लेकिन पिछले 24 घंटों में गंगा और यमुना का जलस्तर स्थिर हुआ है। गंगा का पानी फाफामऊ में 79.31 मीटर तक पहुंच गया है, जबकि छतनाग में 77:55 मीटर तक पहुंच चुका है। यमुना का पानी नैनी में 78.11 मीटर दर्ज किया गया है। गंगा का पानी फाफामऊ में स्थिर है जबकि छतनाग में 2 सेंटीमीटर घटा है। इसके अलावा नैनी में यमुना का पानी स्थिर बताया जा रहा है। झुंसी क्षेत्र में भी अब बाढ़ का पानी क्रियायोग आश्रम तक आ गया है। संगम नोज पर त्रिवेणी में चल रहीं नावें कल तक जहां हजारों तीर्थ पुरोहितों की धर्म ध्वजाएं लहरा रही थीं और स्नान, दान-पुण्य का सिलसिला चल रहा था वहां आज पूरी ताह से गंगा का पानी बह रहा है। यानी संगम नोज पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। तीर्थ पुरोहित अब किले की अओर चले आए हैं। अभी गंगा का पानी बंधवा वाले हनुमान मंदिर से 500 मीटर दूर है। संगम पर कई दशक से नावें चलाने वाले गोपाल निषाद ने बताया कि इस बार यहां बारिश कम हुई है। माध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात का पानी आएगा। अब पानी छोड़ा गया है। यह पानी प्रयागराज तक आने में 10 दिन लगेंगे। इसके बाद गंगा जी हनुमान जी को स्नान कराएंगी। फाफामऊ में गंगा का जलस्तर 79.31 मीटर तक पहुंच गया है। अब अगर एक मीटर भी पानी बढ़ जाएगा तो छोटा बघाड़ा के हजारों घर बाढ़ की चपेट में होंगे। बाढ़ कंट्रोल रूम के मुताबिक यमुना का जलस्तर घट रहा है। बांधों से छोड़ा गया पानी अभी प्रयागराज पहुंचने में आठ से 10 दिन लेगा। उसके बाद जलस्तर तेजी से बढ़ेगा। आंकड़ों पर गौर करें तो जब गंगा का जलस्तर 81 मीटर तक पहुंचता है तब जाकर छोटा बघाड़ा, दारागंज, अशोक नगर जैसे क्षेत्रों में बाढ़ का पानी में घुसता है।

## किशोरी को दबंगों ने पीटा

**सोरांव।** मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे भोपतपुर उर्फ अब्दालपुर नहर ददौली गांव में एक किशोरी चंदा देने के लिए गई थी। जैसे ही चंदा देकर घर वापस लौट रही थी तभी गांव के ही कुछ दबंगों ने गाली गलौज देने मारना पीटना शुरू कर दिए। शोर सुनकर किशोरी की मां घटनास्थल पर गई तो मां को भी लाठी-डंडे व सरिया से जमकर पिटाई दी तथा गले में पहने मंगलसूत्र भी विपक्षियों ने छीन लिया। पीड़िता लालती देवी ने सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव को तहरीर देते हुए विपक्षियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग किया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे भगवान शिव जी का निशान चढ़ाने के लिए ग्राम सभा के कमेटी के लोगों को चंदा देने के लिए घर से गई थी। घर वापस लौटते समय किशोरी शास्त्री देवी को गांव के ही लल्लन प्रसाद पुत्र स्वर्गीय शिवराज व शांति देवी पत्नी लल्लन व शन्नो देवी पुत्री लल्लन व सुमन देवी पत्नी सुरेंद्र कुमार तथा सुरेंद्र कुमार व राजेंद्र कुमार पुत्रगण लल्लन किशोरी को गाली गलौज देने लगे। जब किशोरी ने इसका विरोध किया तो आरोप है कि उसको मारने पीटने लगे शोरगुल सुनकर किशोरी की मां लालती देवी मौके पर आई तो उसको भी मारे पीटे पीड़िता ने सोरांव थाने पर लिखित तहरीर दिया लेकिन पीड़िता की सुनवाई नहीं हुई तो बुधवार को सहायक पुलिस आयुक्त सोरांव को लिखित तहरीर देकर विपक्षियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग किया है।

# आई-फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ी तो दवाओं की भी किल्लत

अखंड भारत संदेश



**अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ी, स्कूली बच्चों को किया जा रहा जागरूक**

**प्रयागराज।** आई फ्लू (कंजेक्टिवाइटिस) का संक्रमण बहुत तेजी से फैल रहा है। इससे बड़ी संख्या में लोग संक्रमित हो रहे हैं। आंख लाल होने के साथ, पलकों पर सूजन और दर्द भी बढ़ता जा रहा है। यही कारण कि प्रयागराज के सभी अस्पतालों के ओपीडी में आने वाले 80% मरीज आई-फ्लू से संक्रमित मिल रहे हैं। मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय और तेज बहादुर सं॰ चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ सबसे ज्यादा है। आई-फ्लू के मरीजों की संख्या बढ़ी तो दवाओं की भी किल्लत हो गई। महज 2 आई ड्रॉप मिल रहे हैं, डॉक्टर अन्य दवाइयों भी लिख रहे हैं। वह अस्पताल में नहीं उपलब्ध है जिससे मरीज को बाहर से दवाएं लेनी पड़ रही है। मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय के निदेशक व वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसपी सिंह बताते हैं, आई प्लू का प्रकोप बढ़ गया है। इससे हर किसी को बचने की जरूरत है। यदि संक्रमित हैं तो घर से न निकलें। घर में रहने पर भी काला चश्मा लगाकर ही रखें। बड़ों के साथ बच्चे और बुजुर्गों में भी यह संक्रमण फैल रहा है। उन्होंने बताया कि आंखों की सफाई पर विशेष ध्यान दें। आंखों को बार बार हाथों से न छूएं क्योंकि इससे भी संक्रमण होने का खतरा बढ़ जाता है। आंखों का लाल होना, आंखों में जलन, गड़ना, दर्द होना या सूजन होता है तो डाक्टर को दिखाने में बिल्कुल हिचकें नहीं। उन्होंने बताया कि आज से करीब 10-12 पहले इस तरह का आई-फ्लू आया था जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रभावित हो गए थे।

## उपली निकालने गयी महिला की सर्पदंश से मौत

**लालगंज, प्रतापगढ़।** खाना बनाने के लिए उपली निकालने गयी महिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। परिजन झाड़ फूंक कराने के साथ ही उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते मे उसकी मौत होने की जानकारी परिजनो को हुई तो कोहराम मच गया। लालगंज कोतवाली के इटैला निवासी बृजलाल की चैवालिस वषीर्या पत्नी प्रमिला मंगलवार की रात खाना बनाने के लिए उपली निकालने गयी थी। उपली निकालने के दौरान प्रर्मिला को जहरीले सर्प ने डस लिया। घटना की जानकारी परिजनों को हुई तो आननफानन में सर्पदंश से अचेत हुई महिला को झाड़फूंक के लिए ले गये। लेकिन तबीयत लगातार बिगडती देख परिजन अस्पताल ले जाने लगे। रास्ते में महिला की मौत हो गयी। परिजन शव लेकर घर पहुंचे तो कोहराम मच गया। मृतका के तीन पुत्र व एक पुत्री हैं। पुलिस ने महिला की मौत की जानकारी से इंकार किया है।

# लड़की देखने आये लोगों ने आधा दर्जन परिजनों को बेहोश कर लूटे जेवरात

## जहरखुरानी का शिकार में तीन पुरुष, दो महिलाएं व एक बच्चा शामिल

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़/परियावां।** जिले के महेशगंज थाना क्षेत्र के गरीबपुर गांव में दो दिन पहले लड़की देखने आए युवकों ने घर मं रुककर परिजनों को बेहोषी की दवा खिलाकर घर के जेवरात लूट ले गये। आज बुधवार को प्रातः जब गांव वालों ने घर में तीन पुरुषों, दो महिलाओं एवं एक बच्चे को बेहोषी की हालत में देखा तो दंग रह गये। मामले की सूचना महेषगंज थाने को दी गई।

देखते ही देखते ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और पूरे क्षेत्र में घर के छह परिजनों को बेहोष कर लूट करने की खबर गूंजने लगी तो अपर पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा भी घटना स्थल पर पहुंचे।



जहरखुरानी की शिकार एक ही परिवार के लोग।

उन्होंने पूरे मामले को समझा और आरोपियों को गिरफ्तार करने के कडे. निर्देष जारी किये। जहरखुरानी के षिकार सभी लोगों को राजकीय मेडिकल कालेज के प्रताप बहादुर अस्पताल लाया गया है। जहरखुरानी के षिकार लोगों में शिवमूरत (50), शिवमूरत की पत्नी निर्मला (40), पुत्र दीपक, दीपक की पत्नी आरती, नाती रौनक (10) तथा सुनाली (15) शामिल हैं। सभी अस्पताल में खतरे से बाहर बताए गये हैं। पुलिस छानबीन करने में जुट गई है। जहरखुरानी कर जेवरात लूटने वाले फरार हो गये हैं जिनकी पुलिस गहराई से तलाश कर रही है।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनितों को दिया गया नियुक्त पत्र

### कार्यक्रम में डीएम, सदर विधायक व नपाध्यक्ष रहे मौजूद

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा अफीम कोठी के सभागार में आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित 30 अभ्यर्थियों को विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य, जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर विधायक सदर ने चयनित 30 अभ्यर्थियों को बधाई दी एवं कहा कि बच्चो



अभ्यर्थियों को नियुक्त पत्र देते डीएम व नपाध्यक्ष।

की देख-रेख एवं पालन पोषण हेतु शासन द्वारा आप सभी को जो दायित्व सौपा गया है उसका शत प्रतिशत निर्वहन करें और अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत बच्चों को कुपोषण से दूर रखे जिससे बच्चे स्वस्थ्य एवं निरोग रहे और देश का नाम रोशन करें।

इस दौरान जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से मुख्य सेविका पद पर चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनायें दी और कहा कि ईमानदारी एवं निष्ठापूर्वक पद के दायित्व का निर्वहन करें। उन्होने कहा कि मुख्य सेविकायें महिलाओं की भावनाओं को समझ सकती है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरिओम मिश्र ने कहा कि मुख्य सेविकायें सेवा भाव से कार्य करें तो बच्चों को किसी भी प्रकार की समस्या नही होगी और बच्चे स्वस्थ्य रहेगें। नगर पालिका अध्यक्ष हरि प्रताप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# धर्म सम्राट स्वामी करपात्री चौराहा हाईमॉस्ट से हुआ जगमग, विधायक मोना ने दी सौगात

## केदौरा व भटनी में सड़क बनवाये जाने की हुई घोषणा, लोगों के खिले चेहरे

अखंड भारत संदेश

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रामपुर खास की विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने उमरपुर में स्वामी करपात्री चैराहे पर आयोजित समारोह मे शामिल हुई। उन्होंने धर्म सम्राट स्वामी करपात्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और इसके पश्चात यहां हाईमास्ट परियोजना की सौगात दी। उन्होंने जैसे ही हाईमास्ट की स्विच आन की वैसे ही स्वामी करपात्री चैराहा जगमग हो गया।

विधायक मोना ने कहा कि धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी चैराहे पर हाईमॉस्ट से जहां प्रतिमा चमकती रहेगी वहीं आसपास के लोगों को भी इसका लाभ मिलेगा। इसके पश्चात विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर भटनी में पानी की खराब पड़ी टंकी को रिबोर कराकर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था कराने की घोषणा की। उन्होंने भटनी व केदौरा गांव में सड़क जल्द ही बनवाये जाने की घोषणा भी की। विधायक की ओर से सौगात दिये जाने के ऐलान के बाद ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे। विधायक मोना ने राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी के प्रयास से रामपुर खास के चतुर्दिक विकास कराए जाने की बात कही। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, भुवनेश्वर प्रसाद शुक्ल, अशोक सिंह, राकेश सिंह, राकेश चतुवेर्दी, राज तिवारी, रिंकू शुक्ला, बबलू तिवारी, लालजी यादव, अवधेश सिंह, अनुराग, धीरज, विवेक आदि मौजूद रहे।

## प्रतिष्ठान से युवक की बाइक चोरी

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कपड़े के प्रतिष्ठान पर आए युवक की बाइक उचक्का ले उड़ा, थोड़ी देर में अपनी बाइक ना पाकर खोजबीन करने के बाद पीड़ित ने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र दिया है। कंधई थाना क्षेत्र के मंगरौरा गांव का रहने वाला लाल बहादुर सरोज पुत्र संतराम पट्टी नगर स्थित कपड़े के एक प्रतिष्ठान के सामने बाइक खड़ी करके कपड़ा खरीद रहा था थोड़ी देर में वह अपने बाइक के पास पहुंचा तो उसकी बाइक गायब थी इस संबंध में उसने पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर अज्ञात के विरुद्ध शिकायती पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# वीर सैनिकों का विजय हासिल करना सराहनीय: पुलिस अधीक्षक

## अमर शहीद लांसनायक विजय शुक्ला की स्मृति में हुआ श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** कारगिल शहीद दिवस पर बुधवार को आई0टी0आई0 प्रतापगढ़ परिसर में विजय पार्क में अमर शहीद लांसनायक विजय शुक्ला की स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा अमृत वाटिका का निर्माण के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कारगिल विजय दिवस पर मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल तथा विशिष्ट अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी श्री रोहित मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी विद्यासागर मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा, कार्यक्रम के मुख्य आयोजक एडवोकेट जे0पी0 मिश्रा, नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह,



सैनिकों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल।

समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, आई0टी0आई0 के प्राचार्य वी0वी0 सिंह, पूर्व सहायक निदेशक सूचना आर0बी0 सिंह ने अमर शहीद लांसनायक विजय शुक्ला के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर भाजपा के मीडिया प्रभारी राघवेंद्र शुक्ला, परशुराम सेना के प्रदीप शुक्ला, परमानंद मिश्र, शिवेश शुक्ला, सी0वी0 सिंह आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कारगिल विजय दिवस पर पुलिस अधीक्षक ने पूर्व सैनिकों को कारगिल युद्ध के समय तैनात सूबेदार दिनेश सिंह, नायब सूबेदार श्रवण कुमार पाल को प्रतीक चिन्ह देकर व माल्यार्पण कर सम्मानित किया। माटी का नमन वीरों का वंदन के अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र प्रतापगढ़ द्वारा आयोजित अमृत वाटिका के अंतर्गत 75 पौधों का रोपण पुलिस अधीक्षक तथा सभी अतिथियों, अधिवक्ताओं, समाजसेवी आदि ने किया। समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य व उपनिदेशक समर बहादुर सिंह ने पुलिस अधीक्षक सहित सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए नेहरू युवा केंद्र तथा आयोजक जे0पी0 मिश्रा एडवोकेट की सराहना करते हुए कहा कि विगत 24 वर्षो से शहीद दिवस का आयोजन कर अमर शहीदों की लगातार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध के समय हमारे वीर सैनिकों ने विपरीत परिस्थितियों में विजय हासिल की वह सराहनीय है। उन्होंने कहा कि कारगिल शहीद विजय शुक्ला के परिवारजनों को पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष हरिओम मिश्रा ने अपने संबोधन में आयोजक नेहरू युवा केंद्र के उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, एडवोकेट जे0पी0 मिश्र, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य की सराहना की और शहीद विजय शुक्ला के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को उपनिदेशक समर बहादुर सिंह, समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, आई0टी0आई0 के प्राचार्य वी0वी0 सिंह ने भी संबोधित किया तथा श्रद्धा सुमन अर्पित किया। प्रारंभ में साहित्यकार कवि प्रेम त्रिपाठी ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विनय सिंह एडवोकेट, अनिल त्रिपाठी, आशुतोष त्रिपाठी, अनिल पांडे, विवेक त्रिपाठी पूर्व प्रमुख, संतोष सिंह, राजकुमार, सुदीप सिंह, अभिषेक, राहुल शुक्ला, नेहरू युवा केंद्र के विश्वजीत, विनय मिश्र आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का सफल संचालन जे0पी0 मिश्र एडवोकेट ने किया।

# छात्र-छात्राओं के आंखों की हुई जांच, आंखों की सुरक्षा के बताए गए तरीके

### आनंदवन कॉलेज में आयोजित हुआ स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** नगर क्षेत्र स्थित आनंदवन इंटर कॉलेज में चल रहे स्वास्थ्य जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला के दूसरे दिवस सीएमओ डॉक्टर जीएम शुक्ला के निर्देश पर मेडिकल कॉलेज से संबंद्ध जिला चिकित्सालय के नेत्र विभाग की टीम ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं के आंखों की जांच कर उन्हें आंखों के सुरक्षा के तरीके बतायें।

इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच के दौरान नेत्र परीक्षण अधिकारी पूर्ण श्लोक पांडेय विद्यालय के 35 बच्चों को आंखों के रोगों से चिन्हित करते हुए उन्हें दवा उपलब्ध करायी। आयोजित कार्यशाला में नेत्र परीक्षण अधिकारी पूर्ण श्लोक पांडेय ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं व शिक्षक शिक्षिकाओं को जानकारी देते हुए बताया कि



छात्रा की आंख की जांच करते चिकित्सक।

वर्तमान समय में आई फ्लू इंफेक्शन के चलते आंखों में लालपन आ रहा है। यह बरसात के मौसम में अधिकतर होता है। उन्होंने कहा कि आंखें अमूल्य है,इसकी सुरक्षा बहुत जरूरी है। यदि आप किसी संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आते हैं तो आपको यह वायरस हो सकता है। यह वायरस संक्रमित व्यक्ति की आंखों से निकलने वाले आंसुओं के संपर्क में आने से संक्रमण बढ़ जाता है, इसके अलावा संक्रमित व्यक्ति के खांसी के दौरान छींकने से भी संक्रमण फैल सकता है। इसमें आंखें लाल होने के अलावा जलन, चुभन, खुजली चलना, आंखों से पानी आना, प्रकाश के प्रति संवेदनशीलता और नजरे धुंधली होना जैसे लक्षण भी दिखाई दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन बच्चों के उक्त लक्षण दिखाई पड़े वह विद्यालय बिल्कुल ना आये, घर पर रहकर बचाव करें। नेत्र परीक्षण अधिकारी श्री पांडेय ने बच्चों को इस से बचाव हेतु जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी को आंखों के लालपन (आई फ्लू) कंजक्टिवाइटिस की समस्या है तो उसके संपर्क में आने के बाद हाथों को धोएं और अधिक देर तक कांटेक्ट लेंस न लगाए रखें। आंखों को बार-बार न छुएं, अपने आसपास सफाई रखें। अपनी आंखों को समय-समय पर धोएं, यदि बाहर निकलना जरूरी है तो काला चश्मा पहन कर जाएं। पीड़ित व्यक्ति से आई कांटेक्ट बनाने से बचें साथ ही संक्रमित व्यक्ति के बेड, तौलिया या कपड़े इस्तेमाल न करें। नेत्र परीक्षण अधिकारी पूर्ण श्लोक पांडेय ने कहा कि यदि कोई पीड़ित हैं और आंखों में अधिक दर्द होने पर थोड़ी-थोड़ी देर पर ठंडे पानी से आंख को धुले। बिना चिकित्सक के सलाह के आंखों में कोई भी ड्रॉप का प्रयोग न करें। कार्यशाला में स्वास्थ्य महकमे की टीम में बृजेंद्र सिंह, रूद्रेश सिंह, सुनील सिंह ने बच्चों की आंखों की जांच कर बचाव के तरीके बताये। कार्यशाला के आयोजक विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेंद्र नाथ शुक्ल ने स्वास्थ्य महकमे की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन शिवेश शुक्ल एडवोकेट ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से दिव्या मिश्रा, सरिता गुप्ता, साधना तिवारी, शालिनी मिश्रा, अनीता ओझा, उदय सिंह, के के वर्मा, महेश तिवारी, दुर्गेश, पवन, नवीन के साथ ही अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

### धर्म कुंभ के आयोजन में बोले महेश योगी

# धर्म और संस्कृति को पुष्पित करना नई पीढ़ी की जिम्मेदारी

### दिव्य भारत यात्रा का जनपद में हुआ भव्य स्वागत

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दिव्य भारत यात्रा के संवाहक ब्रह्म ऋषि स्वामी महेश योगी ने कहा है कि धर्म और संस्कृति को पुष्पित पल्लवित करने का कार्य नई पीढ़ियों को करना होगा। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म भी यही कहता है। उन्होंने भारतीय और ऋषि परम्परा की पुनर्स्थापना और योगमय भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए चार योग धाम की स्थापना में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया है।

श्री योगी सियाराम कालोनी स्थित संस्कार गार्डेन में आयोजित दिव्य सनातन धर्म कुंभ के आयोजन में अपना उद्बोधन देते हुए ये बातें कहीं। इसके पूर्व भारत योग एसोसिएशन के तत्वावधान में भारत के चारों दिशाओं में योगदान की स्थापना को लेकर जनपद पहुंचे स्वामी महेश योगी का स्वागत किया गया। लोगों ने



संस्कार गार्डेन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते ब्रह्म ऋषि स्वामी महेश योगी।

विविध धर्म स्थलों व विद्यालयों की मंगल मृतिका व अपना आंशिक सहयोग समर्पित किया। एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. बी पी सिंह ने बताया कि दिव्य भारत निर्माण ट्रस्ट एवं भारत योग एसोसिएशन संस्थान के द्वारा भारत के चारों दिशाओं में चार योग धाम की स्थापना करने का उद्देश्य निकली भारत निर्माण यात्रा प्रमुख धर्म स्थलों, विद्या केंद्र की मिट्टी इस धाम में ऊर्जा,पूंजी के रूप में संकलित करने हेतु जिले में पहुंची है। एसोसिएशन में राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य वरिष्ठ समाजसेवी सियाराम गुप्ता ने कहा कि यह धाम आने वाली पीढ़ी के लिए एक ऐसा धाम होगा जहां पर प्राचीन संस्कृति, सनातनी वैभव और योग मय तपोभूमि के साथ सनातन धर्म का एक प्रमुख केंद्र होगा। वे हर तरह से सहयोग करेंगे।आर एस एस के विभाग प्रचारक प्रवेश, समाजसेवी रोशनलाल , राजेश बहादुर सिंह,पवन सिंह,प्रिंसिपल राकेश शुक्ला समेत अन्य कई लोग मौजूद थे। हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। संचालन वरिष्ठ चिकित्सक मृत्युंजय सिंह ने किया।

## खेत में बाढ़ लगाने पर आरोपियों ने महिला को पीटा

**पट्टी, प्रतापगढ़।** खेत में बाड़ लगाने के विवाद को लेकर एक महिला को पड़ोसी आरोपियों ने पीट दिया पीड़ित महिला ने इस संबंध में शिकायती पत्र दिया है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव की रहने वाली सुशीला देवी पत्नी रामचंद्र विधवा महिला है। पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर उसने बताया कि वह एक अनुसूचित जाति की महिला है वह अपने खेत में आवारा पशुओं से उसकी रखवाली के लिए बांस लगा रखा है। उसके पड़ोसी इसी बात से नाराज होकर उसे गाली गलौज करते हुए मारे पीटे। दिए तथा जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया पीड़ित महिला ने इस संबंध में पट्टी कोतवाली में शिकायती पत्र देकर इंसाफ की गुहार लगाई है।

# विद्यालयों के बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा प्रदान करें: डीएम

## डीएम ने मॉडल प्राइमरी स्कूल व वृद्धा आश्रम का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी प्रकाश चन्द्र श्रीवास्तव ने आज मॉडल प्राइमरी स्कूल सगरा, प्राथमिक विद्यालय टेऊंगा एवं चिलबिला स्थित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया। मॉडल प्राइमरी स्कूल सगरा के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन एवं विद्यालय में मिल रही मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली।

जिलाधिकारी ने छात्र-छात्राओं जोड़, घटाना, टेबल व अंग्रेजी शब्द के सम्बन्ध में पूछा तो कुछ बच्चों ने सही जवाब दिये तो कुछ बच्चों ने सही जवाब नही दिया जिस पर प्रधानाचार्या प्रतिभा द्विवेदी को निर्देशित किया कि बच्चों को सही पठन-पाठन करायें जिससे बच्चे पढ़ाई में रूचि लें और जो भी प्रश्न पूछे जाये उसका वह सही जवाब दे सके। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को कूढ़ा-करकट न करने के सम्बन्ध में भी जागरूक करें। निरीक्षण के दौरान 02 अध्यापक अवकाश पर पाये गये। विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नही पायी गयी और पीछे की बाउण्ड्री गिरी हुई पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल फोन के माध्यम से ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि विद्यालय में साफ-सफाई की व्यवस्था दुरूस्त करायें एवं बाउण्ड्री की भी मरम्मत करायी जाये। विद्यालय में उपस्थित बच्चों की पंजिका का अवलोकन भी किया गया। प्राथमिक विद्यालय टेऊंगा के औचक निरीक्षण में जिलाधिकारी ने बच्चों से पठन-पाठन की जानकारी ली तो बच्चों द्वारा सही जवाब नही दिया गया जिस पर प्रधानाचार्या शान्या श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि अध्यापकों द्वारा बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाये जिससे बच्चों प्रश्नों का उत्तर सही तरीके से दे सके, स्कूली बच्चे अपने यूनीफार्म में विद्यालय आये इसका विशेष ध्यान रखा जाये। विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति बहुत कम पायी गयी जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने चिलबिला स्थित शिवा ग्रामोद्योग सेवा संस्थान द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम का औचक निरीक्षण किया एवं वहां पर रह रहे महिला एवं पुरूष वृद्धजनों से आश्रम में मिल रही सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी ली। वृद्धजनों द्वारा बताया गया कि नाश्ता, खाना समय-समय पर मिलता है जो स्वादिष्ट भी रहता है तथा समय-समय पर चिकित्सकीय सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि वृद्धा आश्रम में रह रहे वृद्धजनों को योगाभ्यास कराया जाये जिससे वे स्वस्थ्य रहे। वृद्धा आश्रम में भण्डार कक्ष, रसोईघर आदि का भी निरीक्षण किया गया।

# बाइक सवार बदमाशों ने युवक से छीना मोबाइल

अखंड भारत संदेश

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी में कोचिंग के लिए आया छात्र को घर लौटते समय बाइक सवार बदमाशों ने रोककर मोबाइल छीन लिया।

कोतवाली इलाके के महोखरी गांव के रहने वाले नीरज सरोज पुत्र मुकेश सरोज ने बताया कि मंगलवार को वह कोचिंग सेंटर पर पट्टी आया हुआ था यहां से वापस जा रहा था वह बेलसंडी गांव के समीप पहुंचा था पीछे से दो बाइक पर चार लोग सवार आए उसे रोक लिए और मोबाइल छीन लिए। इसका विरोध करने पर बाइक सवारों ने युवक को मारे पीटे और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। युवक अपने घर गया मामले की जानकारी अपने परिजनों को बताई परिजनों ने कोतवाली आकर प्रार्थना पत्र अज्ञात लोगों खिलाफ दिया है। पुलिस तहरीर के आधार पर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# सीडीओ ने वितरित किया नव प्रोन्नत 11 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति-पत्र

## नव प्रोन्नत मुख्य सेविकाओं से सीडीओ ने कहा कि अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक पूरी जिम्मेदारी के साथ सम्पादित करें

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं प्रतिनिधि सांसद जय सिंह पटेल ने उदयन सभागार में निष्पक्ष प्रक्रिया के तहत ऑगनबाड़ी कार्यकत्री पद से मुख्य सेविका के पद पर नवप्रोन्नत 11 मुख्य सेविकाओं-प्रमोद कुमारी, मनोरमा देवी, कान्ती देवी, विजयलक्ष्मी, शकुन्तला देवी, सुशीला देवी, सुशीला श्रीवास्तव, धनपतिया, सुधा सिंह, गीता देवी एवं रेखा केसरवानी को नियुक्ति-पत्र वितरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने अपने सम्बोधन के दौरान प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नवप्रोन्नत मुख्य सेविकाओं को बधाई एवं उज्वल भविष्य की शुभकॉमनायें देते हुए कहा कि ऑगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा बहुत ही सराहनीय कार्य किया जाता है। उन्होंने नव प्रोन्नत मुख्य सेविकाओं से कहा कि अपने कार्यों को ईमानदारी पूर्वक पूरी जिम्मेदारी के साथ सम्पादित करें तथा जिस जनपद में आप लोगों की तैनाती की गई है, उस जनपद में अपने कार्यों के साथ ही जनपद कौशाम्बी का भी नाम रोशन करें। प्रतिनिधि सांसद ने नव प्रोन्नत मुख्य सेविकाओं को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकॉमनायें दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत तथा कार्यक्रम में उपस्थित होने के लिए आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भाजपा आशीष केसरवानी सहित अन्य व्यक्ति तथा सभी सीडीपीओ उपस्थित रहीं।

## विद्युत शार्ट सर्किट से छप्पर की दुकान में लगी आग

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव में जीटी रोड पर छप्पर की दुकान में विद्युत शार्ट सर्किट से आग लग गई, दुकान में आग लगने के बाद देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। बता दें कि मलाक मोइनुद्दीनपुर गांव निवासी गूंगा सरोज जीटी रोड किनारे छपरानुमा घर बनाकर पान बिस्कुट की दुकान चलाता है बुधवार को दोपहर में दुकान के समीप लगे विद्युत पोल पर केबल में शॉर्ट सर्किट हो गई जिससे निकाली चिंगारी ने बिकराल रूप धारण करके दुकान को अपनी चपेट में ले लिया, देखते ही देखते दुकान में रखा सारा सामान राख का ढेर बन गया वहीं सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, बताया जा रहा है कि गरीब व्यक्ति का काफी नुकसान हो गया है ग्रामीणों का आरोप है कि विद्युत विभाग के ठेकेदार द्वारा केबल सही से नहीं खिंचाई गई है जिसके चलते शार्ट सर्किट होता रहता है विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते गरीब की रोजी रोटी चली गई है विद्युत सप्लाई छबीलेपुर विद्युत उपकेन्द्र से बताई जा रही है।

# जलसा ए शोहदा इस्लाम व शोहदा ए कर्बला

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जमीयत उलेमा द्वारा पंद्रह दिवसीय कार्यक्रम बउनवांन शोहदा इस्लाम व शोहदा ए कर्बला का तीसरा जलसा मगरिब कि नमाज के बाद पुरहमुफ्ती मसजिद उमर में हजरत मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुजतबा कासमी साहब अध्यक्ष धार्मिक शिक्षा बोर्ड की अध्यक्षता में संपन्न हुआ कार्यक्रम की शुरूआत मौलवी अबूहुरयरह साहब द्वारा तिलावत के साथ हुई, और हसीन भाई ने हु. स.की शाने अकीदत में नात पेश की और निजामत के फराएज हजरत मुफ्ती मुहम्मद मुजतबा कासमी साहब द्वारा किया गया उसके बाद मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी अध्यक्ष जमीयत उलेमा जिला कौशांबी ने जलसा को संबंधित किया और बहुत ही तफसील से कर्बला के वाकिये को बयान किया , कि यह वाकिया क्यों पेश आया , उसके पेश आने के क्या कारण थे! और खानदान नबूव्वत और अहले बैत को किस तरह से मजलूमाना तौर पर शहीद कर दिया गया! और नवासा ए रसूल सैय्यदना इमाम हुसैन र. का मकाम व मर्तबा अल्लाह के नजदीक और रसूल उल्लाह स.के नजदीक क्या है वो हुसैन र. के जिनको नबी ने अपनी गोद में खिलाया वो हुसैन र. के जिनकी वजह से नबी खुतबा रोक दिया करते और सजदा लंबा फरमाया करते! वो हुसैन र. के जिनसे मुहब्बत करने को अपने से मुहब्बत करना करार दिया और फरमाया हुसैन र. मुझसे हैं और मैं हुसैन र.से हूं यानी हुसैन र. मेरा खून है चुनांचे सैय्यदना इमाम हुसैन र.की रगों में नबूव्वत का खून दौड़ रहा है वो करबला के मैदान में उम्मत को ये पैगाम दे गए के सर कटता है तो कट जाए मगर दीन व ईमान बाकी रहे आज हमे भी अपने अंदर यही जज्बा पैदा करने की जरूरत है और मौलाना ने बताया के नवासा ए रसूल सैय्यदना इमाम हुसैन का नाम लेकर वाकिया कर्बला की आड़ में आज ये जो सारी खुराफात की जाती हैं इसका नाम दीन नहीं है फिर हजरत मौलाना सुहैल अहमद साहब सिकरेटरी जमीयत उलेमा कोशामबी ने माहे मोहर्रम और आशूरह के दिन की फजीलत बयान करते हुए कहा कि उस दिन रोजह रखना चाहिए, इस लिए के रमजान के रोजो से पहले इस दिन का रोजह फर्ज था और मुफ्ती साहब की दुआ पर जलसे का एख्तेताम हुआ। इस मौके पर मुफ्ती मुहम्मद मुजतबा कासमी, मौलाना सुहेल अहमद मजाहरी, मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी, मौलाना अबूहूरेरह, जनाब इबने हसन साहब, मुहम्मद हसीन और लोग मौजूद रहे।

# हत्या में नामजद अभियुक्तों को पिपरी पुलिस ने भेजा जेल




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पिपरी पुलिस हत्या में नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पिपरी थाना क्षेत्र के चायल चौकी अंतर्गत नौवापुर गांव निवासी रोहित कुमार पुत्र राम नारायण को 23 जुलाई के दिन उसके दोस्तों ने पार्टी करने के लिए घर से बुलाकर तेवारा गांव के समीप एक निमार्णाधीन मकान में ले गए। पार्टी में शराब पीकर मुर्गा खाने के बाद नशे में धुत दोस्तों को पुरानी बात याद आ गई और उसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई जिस पर रोहित को उसके दोस्तों ने निमार्णाधीन मकान की छत से धक्का मारकर नीचे गिरा दिया। धक्का खाने के बाद छत से नीचे गिरे रोहित को सिर और शरीर के अन्य जगहों पर गंभीर चोटें आई। गंभीर चोटिल रोहित को दोस्तों ने वहां से उठाकर बाइक पर लाद लिए और उसके घर के दरवाजे पर लेटाकर परिजनों से बिना बताए भाग गए। कुछ देर बाद परिजनों ने अचेतवस्था में गंभीर घायल रोहित को देखा तो उनके होश उड़ गए और आनन - फानन में इलाज हेतु मंझनपुर जिला चिकित्सालय ले गए जहां पर डाक्टरों की टीम ने युवक को मृत घोषित कर दिया। अंतिम संस्कार करने के बाद युवक के परिजनों ने पार्टी में शामिल सभी दोस्तों के खिलाफ नामजद लिखित तहरीर देकर हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया। हत्या का मुकदमा दर्ज करने के बाद पिपरी पुलिस नामजद अभियुक्तों की खोजबीन शुरू कर दी। हत्या में नामजद अभियुक्त पंकज, विकास, मोनू, रजऊ उर्फ राजकुमार एवं सुनील कुमार को पिपरी पुलिस गुंगवा के बाग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## व्यापारी दंपत्ति हत्याकांड में बहू दोषी करार

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में 14 वर्षों पूर्व 01 मई 2009 को व्यापारी केशव प्रसाद केसरवानी व उनकी पत्नी रामकली देवी की हत्या के आरोप में उनकी बहू राममनी उर्फ रागिनी पत्नी संजीव कुमार दोहरे हत्याकांड की दोषी पाई गई हैं जिरह बहस गवाहों के बयान और पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के बाद अदालत ने दोहरे हत्याकांड में मृतक दंपति की बहू राममनी उर्फ रागनी को व्यापारी दंपति की हत्या का दोषी पाया न्यायाधीश एफटीसी द्वितीय ने राममनी उर्फ रागिनी पर हत्या का दोष सिद्ध करते हुए हिरासत में ले लिया है और कारागार भेज दिया है व्यापारी दंपत्ति हत्याकांड में सोमवार 31 जुलाई को सजा सुनाई जाएगी।



## कारगिल विजय दिवस पर शाहिद कैप्टन विजय प्रताप सिंह कॉलेज में मनाया गया वार्षिक महोत्सव

**हर्रायपुर कौशाम्बी।** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाहिद कैप्टन विजय प्रताप सिंह स्मारक पीजी कॉलेज कोईलहा में पूर्व सैनिक कल्याण समिति द्वारा कारगिल विजय दिवस समारोह मनाया गया है कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में वार्षिक महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमे कॉलेज स्टाप और पूर्व सैनिकों के द्वारा शाहिद कैप्टन विजय प्रताप को याद करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। पूर्व सैनिकों द्वारा कारगिल युद्ध में शाहिद सैनिकों को नमन करते हुए शाहिद कैप्टन विजय प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। पूर्व सैनिक कल्याण संगठन द्वारा मनाए गए इस कार्यक्रम में 26 जुलाई 2023 कारगिल दिवस समारोह के मुख्य आयोजक कारगिल युद्ध विजेता सुवेदार मदन सिंह, प्लाइग अफसर रामसिंह , सुबेदार मेजर फूलसिंह, सुबेदार मेजर शंभू नाथ, कैप्टन देवराज, कैप्टन सुरेश सिंह, सुबेदार भैया लाल, सुबेदार बड़े लाल, लेफ्टिनेंट शिवकरण विश्वकर्मा, हवलदार अमृत लाल, हवलदार तिरलोक सिंह, नायक कल्याण सिंह, हवलदार विनोद कुशवाहा, नायक ननकु सिंह, हवलदार नरेंद्र सिंह साथ ही शाहिद कैप्टन कॉलेज के स्टाफ प्रबंधक अजय सिंह, प्राचार्य डॉ संगीता पटेल, यतेंद्र सिंह, सीमा तिवारी, कंचन तिवारी, स्मृति श्रीवास्तव साथ ही शाहिद कैप्टन विजय प्रताप सिंह की पत्नी कल्पना सिंह बहु संगीता सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### राजकीय महाविद्यालय में कला ,विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय है संचालित : प्राचार्य

#### महामाया राजकीय महाविद्यालय में नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए ओरियंटेशन प्रोग्राम का किया गया आयोजन



**कौशाम्बी।** महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी में आज दिनांक 26 जुलाई 2023 को नवागंतुक छात्र-छात्राओं के लिए एक ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया ' इसके अंतर्गत महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों ने अपने विषय की जानकारी दी ' प्रथम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर में होने वाली परीक्षा के पैटर्न को छात्र छात्राओं के बीच विस्तार से समझाया गया ' महाविद्यालय में बनाई गई विभिन्न समितियों उनके दायित्वों एवं उनके प्रभारी तथा सदस्यों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ' महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने बताया कि महामाया राजकीय महाविद्यालय कौशांबी जिले का एकमात्र राजकीय महाविद्यालय है यहां कला ,विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय संचालित है महाविद्यालय में पुस्तकालय, ई लर्निंग पार्क, छात्रवृत्ति, राष्ट्रीय सेवा योजना ,रोवर्स रेंजर्स आदि की सुविधाएं उपलब्ध है जिनकी सहायता से छात्र एवं छात्राएं अपना चौमुखी विकास कर सकते हैं ' इस अवसर पर डॉक्टर अनिल कुमार डॉ भावना केशरवानी डॉक्टर रीता दयाल डॉक्टर पवन कुमार डॉ तरित अग्रवाल डॉ रमेश चंद्र डॉ शैलेश मालवीय आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

### धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में हुआ तीन दिवसीय प्रथम सोपान जाँच शिविर का शुभारंभ



**कौशाम्बी।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश तीन दिवसीय प्रथम सोपान जाँच शिविर का शुभारंभ धर्मा देवी इण्टर कॉलेज में हुआ विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकिरण त्रिपाठी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया तदुपरांत भारत स्काउट और गाइड का ध्वजा रोहण किया गया कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिए विद्यालय के शिक्षक ललित कुमार ,रामशंकर सिंह,धन्वंतरि पाल, रामहित त्रिपाठी, अखिलेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे जो बच्चों को स्काउट और गाइड के विषय जानकारी प्रदानकर उत्साहवर्धन किये 'कार्यक्रम का संचालन जिला संगठन आयुक्त श्याम बाबू द्वारा किया गया।

### घर से नाराज होकर निकला युवक ट्रेन से गिरा हालत नाजुक



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अझुवा वार्ड न 3 शांती नगर निवासी आशीष कुमार पुत्र बीरेंद्र कुमार मंगलवार की सुबह घरवालों से नाराज होकर घर में बिना किसी को बताये घर से निकल गया था आज बुधवार सुबह को अझुवा चौकी में सूचना मिली की कौशांबी जनपद के सैनी थाना क्षेत्र के अझुवा कस्बे के रहने वाले आशीष कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार ट्रेन से गिर गया है जिसे गंभीर चोटें आई हैं सोनभद्र जीआरपी पुलिस ने गंभीर घायल आशीष कुमार को जिला चिकित्सालय सोनभद्र में इलाज हेतु भर्ती करवाया है जहां पर उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है सूचना मिलते ही घायल आशीष कुमार के परिजन सोनभद्र के लिए रवाना हो गए हैं।

### भ्रष्टाचार के खिलाफ अधिवक्ताओं ने खोला मोर्चा



**चायल कौशाम्बी।** तहसील चायल में बुधवार को अधिवक्ताओं ने भ्रष्टाचार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एसडीएम का घेराव किया और एसडीएम से मिलकर धारा 38 और 116 में अनियमित और अवैध वसूली को लेकर कहा कि थर्ड ग्रेड के कर्मचारी व लेखपालों द्वारा वादकारियों व जनता का शोषण किया जाता है और लेखपाल बिना पैसे के कोई काम नही करते जिससे जनता को निराश होना पड़ रहा है जिससे नाराज अधिवक्ताओं ने एसडीएम से मिलकर कर्मचारियों के खिलाफ शिकायत किया एसडीएम ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इस मामले पर वार्ता कर निस्तारण किया जायेगा।

## घूसखोर लेखपाल रुपए लेकर बंजर भूमि की जमीन पर बनवा दिया मकान

### ग्राम प्रधान ने घूसखोर लेखपाल के खिलाफ जिलाधिकारी को दिया शिकायती पत्र

**चायल कौशाम्बी** चायल तहसील के खोपा गांव में तैनात घूसखोर लेखपाल योगेंद्र सिंह पांच लाख रुपए लेकर ग्राम समाज की बंजर भूमि पर मकान बनवा दिया है। घूसखोर लेखपाल के खिलाफ ग्राम प्रधान कमरुज्जमा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र दिया है। ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर लेखपाल के काले कारनामे की जांच कर दंडित कराए जाने की मांग की है। ग्राम प्रधान ने बताया कि 13.04.2022 को जल जीवन मिशन योजना के तहत प्रस्तावित पेय जल योजना हेतु बंजर भूमि गाटा सं0 880 रकबा 0.17150 का वचन किया गया है जिस पर बोरिंग का काम भी हो गया है। उक्त भूमि पर पानी की टंकी बनने के लिए लेखपाल योगेन्द्र सिंह व राजकुमार व कानूनगो द्वारा 3 बार नाप करने के बाद बोरिंग का कार्य शुरू हुआ था नाप में 880 न० सराय अकिल से महिला को जाने वाली सड़क से लगा हुआ गाटा सं0 881 एक बिस्वा कई काश्तकारों के नाम है जिस पर दबंगों ने 880 के जुज भाग को मिलाकर लेखपाल की मिलीभगत से जबरन मकान बना लिए हैं जबकि गाटा सं0 880 व 885 बंजर के खाते में तथा 679 आबादी के खाते में अंकित है।

# डीएम के समक्ष उपस्थित होकर जिला पंचायत सदस्यों ने जिला पंचायत अध्यक्ष पर जताया अविश्वास




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष पर सदस्यों ने अविश्वास जताते हुए जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें अविश्वास प्रस्ताव सौंपा है भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव सौपने के बाद एक बार फिर जिले की राजनीति में भूचाल आ गया है जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ भाजपा सपा वा निर्दल जिला पंचायत सदस्य लामबंद हो गए हैं बुधवार को डीएम सुजीत कुमार के सामने अविश्वास लेकर तमाम सदस्य पेश हुए है जिलाधिकारी ने सभी को 2 अगस्त को फिर से बुलाया है अविश्वास की चर्चा से जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर के खेमे में हड़कंप मचा है भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष के खिलाफ इससे पहले भी सदस्य लामबंद हो चुके हैं अध्यक्ष पर किसी सदस्य की न सुनने और मनमाने तरीके से काम करने का आरोप लग रहा है जिला पंचायत में सदस्यों का नाराज होना यह पहली बार नहीं है इसके पहले भी अन्य जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में भी जिला पंचायत सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पेश कर जिला पंचायत में हड़कंप मचाया था।

## अपना दल ने डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**टेडीमोड कौशाम्बी।** अपना दल कमेरा वादी के कौशाम्बी जिलाध्यक्ष जय प्रकाश पटेल की अगुवाई में सैकड़ों कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों ने धरना प्रदर्शन कर जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम पर ज्ञापन सौंपा है। दिनांक 26.07.2023 के दिन अपना दल कमेरा वादी के तत्वधान में देशव्यापी एक दिवसीय धरना कार्यक्रम के तहत जिला मुख्यालय जनपद कौशाम्बी में आयोजित धरना प्रदर्शन के माध्यम से अपना दल कमेरा वादी के जिलाध्यक्ष जय प्रकाश पटेल ने पांच सूत्रीय मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपकर जयप्रकाश पटेल ने पूरे भारत में जातिवार जनगणना तत्काल कराए जाने की मांग की है। केन्द्र सरकार की गलत नीति एवं नियत के कारण मणिपुर में हो रही हिंसक घटनाओं, हत्या एवं सामूहिक बलात्कार जैसी अति संगीन आपराधिक घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए। मणिपुर में हो रही घटनाओं में महामहिम राष्ट्रपति तत्काल हस्ताक्षेप करते हुए केन्द्र सरकार को फटकार लगाएं एवं मणिपुर सरकार को बर्खास्त करें। मणिपुर की घटना के दोषियों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करते हुए दोषियों को तत्काल कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। भदवा रेलवे क्रासिंग पर पुल का निर्माण कराए जाने की मांग भी ज्ञापन के माध्यम से किया गया है।

# नहीं बर्दाश्त किया जाएगा व्यापारियों का शोषण : शिवमूरत गुप्ता गोले

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के कौशांबी प्रभारी शिव मूरत गुप्ता उर्फ गोले ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न कतई नहीं बर्दाश्त किया जाएगा व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाएगी उनके कंधों से कंधा मिलाकर चला जाएगा उन्होंने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न करने वालों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने कौशांबी प्रभारी शिवमूरत गुप्ता गोले को अंग वस्त्र भेंट कर माल्यार्पण कर जोरदार तरीके से स्वागत किया है कार्यक्रम में कौशांबी के प्रभारी सुभाष अग्रहरि भी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 23 जुलाई को डी पार्क होटल निराला नगर में प्रदेश कर समिति की एक बैठक उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में हुई जिसमे कौशांबी के प्रभारी शिव मूरत गुप्ता गोले को प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने अंग वस्त्र पहना करके फूलमालाओं से स्वागत किया प्रदेश के महामंत्री प्रदेश के कोषाध्यक्ष सहित पूरा मंत्रिमंडल उपस्थित रहा कार्यक्रम के अवसर पर शिवमूरत गुप्ता गोले ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया है कि वह कौशांबी के व्यापारियों के हितों की रक्षा करेंगे व्यापारियों का शोषण कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और व्यापारियों के हित को लेकर

### उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल कौशांबी प्रभारी को अंग वस्त्र भेंट कर प्रदेश अध्यक्ष ने किया स्वागत



# आक्रोशित ग्रामीणों ने घरौनी में अवैध वसूली को लेकर एसडीएम से की शिकायत

अखंड भारत संदेश



**अझुवा कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में सैनी के दर्जनों ग्रामीणो की घरौनी बनाए जाने के नाम पर लेखपाल और सफाई कर्मी द्वारा अवैध वसूली शुरू कर दी गई है जिससे गांव के लोगों में आक्रोश व्याप्त है बुधवार को दर्जनों लोग सिराथू तहसील पहुंचे और उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए लेखपाल और सफाई कर्मी के कारनामे को बता कर आक्रोश प्रकट करते हुए कार्यवाही की मांग की है ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्वजातीय लोगों की घरौनी लेखपाल बना रहा है और अनुसूचित जाति के लोगों की घरौनी लेखपाल नहीं बना रहा है जबकि एक एक हजार रुपए घरौनी के नाम पर लेखपाल ने सफाई कर्मी के जरिए वसूली कर ली है। मालूम हो सैनी ग्राम सभा मे घरौनी बनाने का कार्य चल रहा है लेकिन हल्का लेखपाल के कारनामो के चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। कुछ पुराने बने घरों को लेखपाल ने तालाबी नम्बर पर बने होने का हवाला देते हुए घरौनी बनाने से मना कर दिया। लेकिन गजब तो तब हो गया जब उसी नम्बर पर बने स्वजातीय लोगों के घरों का लेखपाल ने घरौनी बना दिया लेकिन वहीं दलितों का घरौनी बनाने से मना कर दिया। जातीय भेदभाव के चलते ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

## संपादकीय

# अधिक पाने की अंधी दौड़, मानसिक अस्वस्थता का कारण

मानसिक स्वास्थ्य का अर्थ दैनिक जीवन में भावनाओं, इच्छाओं, महत्वाकांक्षाओं एवं आदर्शों में संतुलन बनाए रखने की योग्यता है। इसका अर्थ जीवन की वास्तविकताओं का सामना करने तथा उनको स्वीकार करने की योग्यता है। इस दौर में अधिकांश व्यक्ति मानसिक अशांति के साथ घबराहट, डर, असुरक्षा व बैचेनी आदि का अनुभव करते हैं और अगर यह दिन-प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल हो जाता है तो वो व्यक्ति मानसिक अस्वस्थता की स्थिति में चल रहा होता है। इसके पीछे कारण है कि व्यक्ति भौतिक और सामाजिक परिस्थितियों में अपने को सही रूप से समायोजित नहीं कर पाता हैं, फलस्वरूप मानसिक द्वंद्व बढ़ जाता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मानसिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयत्न करते रहना चाहिए।

इस भौतिकवादी युग में मानसिक अस्वस्थता का प्रमुख कारण है- असंतुलित जीवन व्यवहार जिसमें और अधिक पाने की लालसा ने मानसिक रूप से व्यक्ति को अस्वस्थ बनाया है। पैसा, पद व पावर की अंधी दौड़ में व्यक्ति स्वयं को भूल सा गया है बल्कि इनका उपयोग सही रूप से नहीं कर पाने के कारण व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस करने लगा है। सही मायने में व्यक्ति का यह आंतरिक खालीपन ही मानसिक अस्वस्थता है। आज व्यक्ति पैसा कमाने की अंधी दौड़ में परिवार, समाज, रिश्ते, नाते सबको को पीछे छोड़ केवल पैसों के पीछे लगा रहता है, इससे पैसों का संग्रह तो बढ जाता है, लेकिन एक समय बाद स्वयं को अकेले पाता है। इसी प्रकार बहुत बड़े-बडे. पदों पर बैठे लोग अपने पद व पावर का दुरुपयोग करते हुए अनीति व अत्याचार पूर्वक दूसरों को परेशान करते है, दुर्भावना रखते है, योग्य व्यक्तियों को सम्मान नहीं देते है, अनैतिक आचरण करते है, परिणाम स्वरूप व्यक्ति मानसिक तनाव व अवसाद के साथ मानसिक रोगों का शिकार हो जाता है।

व्यक्ति का मानसिक स्वास्थ्य चिंतन, भाव एवं व्यवहार पर आधारित है। इसलिए यह ध्यान देना भी जरूरी है कि हमारा चिंतन स्वस्थ हो, भाव शुद्ध व व्यवहार संतुलित होना जरूरी है। व्यक्ति का चिंतन ही भावनाओं को तरंगित करता है यह भावनात्मक तरंगे ही उसे क्रिया के अनुरूप व्यवहार करने के लिए प्रेरित करती हैं। इन तीनों के बीच कोई सीधा स्पष्ट संबंध तो नहीं है लेकिन यह तीनों परस्पर एक दूसरे को प्रभावित करते हैं एवं एक-दूसरे से प्रभावित होते हैं। इन तीनों का विशेष प्रभाव व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

मानसिक स्वास्थ्य का नैतिकता से भी सीधा संबंध है, नैतिक, ईमानदार व्यक्ति का संबंध परिवार एवं समाज के साथ अधिक होता है, वे इसे सुनहरा बनाने के लिए परिवार, समाज के प्रति समर्पित होते है। जब व्यक्ति स्वयं को जितना अधिक परिवार एवं समाज का अभिन्न अंग समझने लगता है उतना ही मानसिक रूप से स्वस्थ बनने लगता है। जो व्यक्ति इन नियमों का पालन नहीं करते हैं वे व्यक्ति दूसरों की तुलना में मानसिक रूप से कहीं अधिक अस्वस्थ हो जाते है। परिवार व समाज के साथ अभिन्न जुड़ाव के कारण व्यक्ति में दोष भाव उत्पन्न नहीं होता, परिणाम स्वरूप वे मानसिक रूप से स्वस्थ होते है।

मानसिक रूप से स्वस्थ होने के लिए व्यक्ति में आत्म विश्वास व आत्म सम्मान की भावना का विकास होने के साथ-साथ चिंतन-मंथन व विचार करने का सामर्थ्य भी होना चाहिए। इसके अलावा बुद्धि व विवेक के द्वारा निर्णय लेने की क्षमता का विकास व जीवन में धैर्य के साथ उत्साह भी दिखना चाहिए। स्वयं कमियों के प्रति जागरूक रहत हुए शक्ति व योग्यता का आकलन करने की क्षमता भी मानसिक शक्ति प्रदान करता है। इसके अलावा दूसरों के प्रति सम्मान और श्रद्धा के साथ प्रत्येक परिस्थिति में मन में सदैव प्रसन्नता व प्रफुल्लता का अहसास करते रहने से मानसिक स्वास्थ्य को प्रबल बना सकता है। इसके विपरित मानसिक अस्वस्थ व्यक्ति में इन सबका अभाव होता है।

मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति ही समाज के विकास में अपना विशिष्ट योगदान दे सकता है। किसी भी समाज की प्रगति एवं विकास उस समाज में रहने वाले व्यक्तियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के साथ नैतिकता पर निर्भर करता है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होकर एकाकी जीवन जीने से समाज की प्रगति एवं उन्नति बाधित होती है। मानसिक रूप से स्वस्थ व्यक्ति न केवल अपनी उन्नति में सहयोगी होता है बल्कि वह अपने परिवार एवं समाज को भी सफलता की नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। इसी प्रकार परिवार एवं समाज का कोई मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्ति प्रगति यात्रा में बाधा पैदा कर सकता है।

मानसिक रूप से स्वस्थ होने के लिए व्यक्ति छोटी-छोटी बाते अपनाकर अपने जीवन को बदलने का प्रयास करते रहना चाहिए। सबसे पहले व्यक्ति अपने चिंतन को स्वस्थ बनाने का प्रयास करे, यह तभी संभव होगा जब अति-चिंतन से दूर होकर अस्वस्थ विचारों को छोडने का प्रयास करे। इसके अलावा प्रत्येक घटना व परिस्थिति के साथ ताल-मेल के साथ वर्तमान में जीने का अभ्यास करें। अपना व्यक्तिगत व सामाजिक दायरा बढाते हुए दूसरे लोगों से जुड़ने व उनसे बात-चीत करने का प्रयास करे। शारीकि स्वस्थता के लिए प्रकृति के साथ जुड़ाव रखे और सबसे जरूरी बात व्यक्ति अपने आनन्द व खुशी के लिए कुछ न कुछ रचनात्मक करने का प्रयास भी करें, मानसिक स्वस्थ व्यक्ति के रूप में आपका योगदान समाज में विशिष्ट हो जायेगा।

# मानव जीवन को बचाने के लिये प्रकृति संरक्षण जरूरी

- ललित गर्ग-



विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस प्रत्येक वर्ष 28 जुलाई को मनाया जाता है। प्रकृति एवं पर्यावरण पर मंडरा रहे खतरे को देखते हुए एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्त्रोत एवं वनस्पति विलुप्त होने के कारण इस दिवस की प्रासंगिकता बढ़ गयी है। आज चिन्तन का विषय न तो युद्ध है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्त्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे. खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया, तकनीकी विकास एवं जीवनशैली पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा हैं। इतिहास में पहली बार यूरोप में भीषण गर्मी, हीट वेव का होना और धरती के दोनों सिरों (अंटार्कटिक और आर्कटिक) पर एकसाथ तापमान में असंतुलन सामान्य घटना नहीं है। ये सब धरती के तापमान में असंतुलन और जलवायु परिवर्तन की वजह से हो रहा है, जिसका दायरा अब वैश्विक हो गया है। भले ही कोई इस विनाशकारी स्थिति को तात्कालिक घटना कहकर खारिज कर दे लेकिन जमीनी सच्चाई यह है की बड़े पैमाने पर ग्लेशियर्स का पिघलना और यूरोप में हीट वेव बहुत बड़े वैश्विक खतरें की आहट है, जिसको अनदेखा नहीं किया जा सकता है। कथित विकास की बेहोशी से दुनियां को जागना पड़ेगा।

ग्लोबल वार्मिंग की वजह से ह्यतीसरा ध्रुवह्न कहे जानें वाले हिमालय के ग्लेशियर 10 गुना तेजी से पिघल रहे हैं। ब्रिटेन की लीड्स यूनिवर्सिटी के शोधकताओं के अनुसार, आज हिमालय से बर्फ के पिघलने की गति ह्यलिटिल आइस एजह्न के वक्त से औसतन 10 गुना ज्यादा है। लिटल आइस एज का काल 16वीं से 19वीं सदी के बीच का था। इस दौरान बड़े पहाड़ी ग्लेशियर का विस्तार हुआ था। वैज्ञानिकों की मानें, तो हिमालय के ग्लेशियर दूसरे ग्लेशियर के मुकाबले ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं। विशेषज्ञों के एक अनुमान के अनुसार अंटार्कटिका के ग्लेशियर के पूरी तरह से पिघलने पर पृथ्वी की ग्रेविटेशनल पावर शिफ्ट हो जाएगी। इससे पूरी दुनिया में भारी उथल पुथल देखने को मिलेगी। पृथ्वी के सभी महाद्वीप आंशिक रूप से पानी के भीतर समा जाएंगे। भारी मात्रा में जैव-विविधता को हानि पहुंचेगी। पृथ्वी पर रहने वाली हजारों प्रजातियां भी खत्म हो जाएंगी। पृथ्वी पर एक विनाशकारी एवं विकराल स्थिति का उद्भव होगा। इसके साथ ही दुनियां भर में करोड़ों की संख्या में लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर माइग्रेट करना पड़ेगा। अर्थव्यवस्था और रहने लायक जगह पूरी तरह से तहस-नहस हो जाएगी। ग्लेशियर पिघलने का प्रभाव पृथ्वी की घूर्णन गति पर भी पड़ेगा। इससे पृथ्वी के दिन का समय थोड़ा ज्यादा बढ़ जाएगा। पीने लायक 69 प्रतिशत पानी ग्लेशियर के भीतर जमा हुआ है। उसके पिघलने पर ये शुद्ध पानी भी साल्ट वाटर में मिलकर पूरी तरह बर्बाद हो जाएगा।

पिछले कुछ समय से दुनिया में पर्यावरण के विनाश एवं प्रकृति प्रदूषण को लेकर काफी चर्चा हो रही है। मानव की गतिविधियों के कारण पृथ्वी एवं प्रकृति के वायुमंडल पर जो विषैले असर पड़ रहे हैं, उनसे राजनेता, वैज्ञानिक, धर्मगुरु और सामाजिक कार्यकर्ता भी चिंतित हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर्यावरण के खतरों के प्रति सावधान करते हुए विश्व मंचों पर जागरूकता का माहौल बना रहे हैं। चूंकि प्रकृति मनुष्य की हर जरूरत को पूरा करती है, इसलिए यह जिम्मेदारी हरेक व्यक्ति की है कि वह प्रकृति की रक्षा के लिए अपनी ओर से भी कुछ प्रयास करे। जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। बात अगर इन मूलभूत तत्व या संसाधनों की उपलब्धता तक सीमित नहीं है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। पिछले दिनों पहाड़ों के शहर शिमला में पानी की भयावह कमी आ गई थी। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। आज हम हर दिन किसी-न-किसी शहर में पीने के पानी की कमी के बारे में सुन सकते हैं। कहीं पानी की कमी तो कहीं बाढ़। इनदिनों राजधानी दिल्ली सहित पूरे देश में बाढ़ की स्थिति एवं भारी विनाश हुआ है।

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस इस बात के लिए जागरूक करता है कि एक स्वस्थ पर्यावरण एक स्थिर और स्वस्थ मानव समाज की नींव है। विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाने का उद्देश्य उन जानवरों और पेड़ों का संरक्षण करना है जो पृथ्वी के प्राकृतिक पर्यावरण से विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए, प्रकृति को संरक्षित करने की हर शख्स की जिम्मेदारी है। आनेवाली नस्लों के साथ-साथ वर्तमान में सेहत को सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ दुनिया की तरफ काम करने की जरूरत है। बहुत चिंता का विषय है कि खुद मनुष्य पृथ्वी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। कितनी विचित्र बात है कि एक आदमी ही ऐसा प्राणी है जिसने सब कुछ पाकर स्वयं को खो दिया है। आप ही बताइये कि कहां खो गया वह आदमी जो स्वयं को कटवाकर भी वृक्षों को कटने से रोकता था? गोचरभूमि का एक टुकड़ा भी किसी को हथियाने नहीं देता था। जिसके लिये जल की एक बूंद भी जीवन जितनी कीमती थी। कत्लखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थी। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बनाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था। अब वही मनुष्य अपने स्वार्थ एवं सुविधावाद के लिये सही तरीके से प्रकृति का संरक्षण न कर पा रहा है और उसके कारण बार-बार प्राकृतिक आपदाएं कहर बरपा रही है। रेगिस्तान में बाढ़ की बात अजीब है, लेकिन हम इनदिनों राजस्थान के अनेक शहरों में भी बाढ़ की विकराल स्थिति को देख रहे हैं। जब मनुष्य प्रकृति का संरक्षण नहीं कर पा रहा तो प्रकृति भी अपना गुस्सा कई प्राकृतिक आपदाओं के रूप में दिखा रही है। निःसंदेह प्रकृति और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण आज हमारी मुख्य प्राथमिकता है।

विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस का एक मुख्य लक्ष्य पौधों और जानवरों की लुप्तप्राय प्रजातियों को बचाना भी है। प्रकृति के विविध तत्वों के संरक्षण पर भी जोर दिया जाता है। इनमें मिट्टी, पानी, हवा, ऊर्जा स्त्रोत और पौधे और पशु जीवन शामिल हैं। इस आयोजन का उद्देश्य एक मजबूत, समृद्ध मानव समाज को बनाए रखने में स्वस्थ, कार्यात्मक वातावरण के महत्व को स्वीकार करना है। इसे मनाने का उद्देश्य एक प्रजाति के रूप में आत्मनिरीक्षण करना है कि मनुष्य किस प्रकार प्रकृति का शोषण कर रहे हैं और इसके संरक्षण के लिए कदम उठा रहे हैं। प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण मनुष्य ग्लोबल वार्मिंग, विभिन्न बीमारियों, प्राकृतिक आपदाओं, बढ़े हुए तापमान, बाढ़ आदि के प्रकोप का सामना कर रहा है। प्रेषकः

**(ललित गर्ग)**
**लेखक, पत्रकार, स्तंभकार**
**ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट**
**25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज,**
**दिल्ली-92**

# पहले से और बेहतर होते भारत -श्रीलंका संबंध

**- सुनील कुमार महला**

विश्व के दो प्रमुख देशों अमेरिका और फ्रांस के बाद अब भारत और श्रीलंका के संबंधों में मजबूती देखने को मिल रही है। जानकारी देना चाहूंगा कि आर्थिक संकटों का सामना करने के बाद पिछले दिनों ही श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे 20-21 जुलाई 2023 को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर भारत आए थे। श्रीलंका के आर्थिक संकट का सामना करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा थी। वास्तव में,श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, जिन्होंने बतौर श्रीलंका के राष्ट्रपति अपना एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है,की भारत यात्रा से दोनों देशों के संबंध पहले से कहीं और अधिक मजबूत हुए हैं। दरअसल, दोनों देशों ने हाल ही में समग्र आर्थिक और रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर जोर देने के साथ साथ ही अनेक मसलों पर अहम् बातचीत की है। विक्रमसिंघे की यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण रही है क्यों कि विक्रमसिंघे ने चीन न जाकर भारत को अधिक महत्व देते हुए यहां की यात्रा की है।

आर्थिक संकट में फंसे श्रीलंका को पूर्व में भारत ने बड़े स्तर पर मदद की थी। भारत की तरफ से श्रीलंका को करीब चार अरब डॉलर की वित्तीय सहायता दी गई थी, जो अपने आप में बहुत बड़ी सहायता है, वहीं चीन ने श्रीलंका पर अपने प्रोजेक्ट्स थोंप कर श्रीलंका को आर्थिक संकट से बाहर निकालने का एक प्रकार से झांसा ही दिया। उल्लेखनीय है कि भारत ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से 2.9 अरब डॉलर का बेलआउट पैकेज हासिल करने में भी श्रीलंका को सहायता की गारंटी भी दी थी। विक्रमसिंघे यह बात भी अच्छी तरह से जानते हैं कि जब श्रीलंका खराब आर्थिक दौर से गुजर रहा था तब भारत ने ईंधन, गैस और खाद्य संकट दूर करने में तथा अन्य जरूरी चीजों की श्रीलंका को समय पर आपूर्ति से श्रीलंका के आर्थिक हालात काफी हद तक सुधरे।

श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे यह बात भी अच्छी तरह से समझते हैं कि आज के समय विश्व पटल पर भारत एक तेजी से उभरती हुई अर्थव्यवस्था है और श्रीलंका और भारत दोनों अच्छे पड़ोसी भी हैं। यहां जानकारी देना चाहूंगा कि पिछले कुछ समय से श्रीलंका लगातार चीन के पाले में ही जा रहा था। यहां तक कि राजपक्षे ब्रदर्स के शासनकाल में तो श्रीलंका चीन का बहुत बड़ा हिमायती था लेकिन आर्थिक संकट के समय चीन ने श्रीलंका को ठेंगा दिखा दिया। यहां चीन के बारे में बता दूं कि चीन पहले से ही श्रीलंका में सबसे बड़ा निवेशक रहा है, वर्ष 2010-2019 के दौरान चीन का कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में 23.6% हिस्सा था जबकि भारत का हिस्सा 10.4% था लेकिन अब चीन के प्रति श्रीलंका के विश्वास में लगातार कमी आई है और श्रीलंका को यह महसूस होने लगा है कि भारत ही उसका एक सच्चा मित्र व हितैषी पड़ोसी है।भारत की बड़ी आर्थिक मदद से श्रीलंका की अर्थव्यवस्था पटरी पर आई है। यह बात सभी जानते हैं कि भारत के श्रीलंका के साथ सदियों से काफी घनिष्ठ धार्मिक, व्यापारिक और राजनीतिक संबंध भी रहे हैं। गौरतलब है कि दोनों देशों के बीच मजबूत सांस्कृतिक संबंध रहे हैं, श्रीलंका के वासी अपनी विरासत भारत से जोड़ते हैं।

बौद्ध धर्म, जिसकी उत्पत्ति भारत में हुई, श्रीलंका में भी एक महत्त्वपूर्ण धर्म है। दोनों देशों के आर्थिक संबंधों की यदि हम बात करें तो अमेरिका और ब्रिटेन के बाद भारत श्रीलंका का तीसरा सबसे बड़ा निर्यात गंतव्य है। श्रीलंका अपने 60% से अधिक के निर्यात हेतु भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौते का लाभ उठाता है। भारत श्रीलंका में एक प्रमुख निवेशक भी है। समय समय पर दोनों देश आपस में सेनाभ्यास भी करते रहे हैं। श्रीलंका बिमस्टेक और सार्क जैसे समूहों का सदस्य भी है, जिनमें भारत अग्रणी भूमिका निभाता रहा है।वर्तमान में भारत-श्रीलंका संबंधों के बीच राजनयिक संबंधों के भी 75 साल पूरे हो रहे हैं। श्रीलंका अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत रखने के लिए काफी हद तक भारत पर आश्रित रहा है। श्रीलंका के राष्ट्रपति विक्रमसिंघे की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच पशुपालन एवं डेयरी तथा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में मिलकर काम करने के लिए संयुक्त घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत और श्रीलंका के बीच महत्वपूर्ण जिन एम ओ यू का आदान-प्रदान हुआ है उनमें नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग पर एम ओ यू श्रीलंका के त्रिंकोमाली जिले में आर्थिक विकास परियोजनाओं के लिए एम ओ यू,श्रीलंका में यूपीआई आवेदन स्वीकृति के लिए एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड (एन आई पी एल) और लंका पे के बीच नेटवर्क टू नेटवर्क समझौता तथा सैमपुर सौर ऊर्जा परियोजना के लिए ऊर्जा परमिट शामिल हैं।

भारत और श्रीलंका ने 'प्रमोटिंग कनेक्टिविटी,केटलाइसिंग प्रोस्पेरिटी' शीर्षक से एक विजन दस्तावेज अपनाया है, जो भारत और श्रीलंका के बीच आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए समुद्री, वायु, ऊर्जा और लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी को मजबूत करेगा।इसका उद्देश्य पर्यटन, बिजली, व्यवसाय, उच्च शिक्षा और कौशल विकास में आपसी सहयोग को गति देना है। विजन डाक्यूमेंट क्रमशः पांच स्तंभों यथा समुद्री और हवाई कनेक्टीविटी, ऊर्जा और बिजली कनेक्टिविटी, लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी तथा श्रीलंका में यूपीआई की स्वीकृति पर समझौता आदि पर आधारित है। कहना गलत नहीं होगा कि दोनों देशों के बीच कनेक्टिविटी, ऊर्जा एवं आसान वित्तीय लेनदेन काम करने पर सहमति बनी है। इस यात्रा की एक और बड़ी विशेषता है कि अब श्रीलंका में भारतीय रुपए में कारोबार किया जा सकेगा।श्रीलंका चाहता है कि भारत उसकी बुनियादी ढांचा परियोजना में निवेश करे। जापान, पेरिस क्लब के साथ भारत भी आधिकारिक ऋणदाता समिति का सदस्य है। ऐसी स्थिति में श्रीलंका को ऋण दिलाने के क्षेत्र में भारत मददगार साबित हो सकता है। श्रीलंका रणनीतिक दृष्टिकोण से भी भारत के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। चीन कोलंबो के दक्षिणी भाग में एक बड़ी पोर्ट सिटी का निर्माण कर रहा है जो भारत के लिए खतरे की घंटी है। अब श्रीलंका भी चाहता है कि भारत उस क्षेत्र में पूंजी निवेश करे। यहां एक बात यह भी स्पष्ट है कि यदि भारत श्रीलंका में पूंजी निवेश करता है तो भारत का निवेश बढ़ने से चीन की गतिविधियों पर नजर रखने में सुविधा होगी। चीन हिंद महासागर में लगातार अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है ताकि भारत पर दबाव डाल सके।

# विपक्ष का मकसद बहस नहीं, सिर्फ हंगामा करना है

**राजेश कुमार पासी**

संसद के दोनों सदनों में काम नहीं हो पा रहा है क्योंकि विपक्ष मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की माँग को लेकर हंगामा कर रहा है । सवाल उठता है कि क्या सरकार चर्चा से भाग रही है ? विपक्ष की माँग और हंगामे को देखकर कोई भी कह सकता है कि सरकार चर्चा से भाग रही है । अगर सरकार विपक्ष की माँग मान ले तो संसद चलने लगेगी और सारा कामकाज सुचारू रूप होने लगेगा । क्या मामला इतना ही सीधा है कि सरकार विपक्ष की माँग मान ले और तब सब कुछ सामान्य हो जायेगा ।

वास्तव में मुद्दा कुछ और है और उसे बनाया कुछ और जा रहा है । विपक्ष संसद चलने ही नहीं देना चाहता, वो खुद ही बहस से भाग रहा है । वो चाहता है कि उसे हंगामा करने का मौका मिले और वो मौका कहीं से भी ढूंढ लाता है । मणिपुर के मुद्दे पर सरकार को घेरने का मौका विपक्ष के पास है लेकिन वो सरकार को सिर्फ सड़क पर ही घेर सकता है और वो यही कर रहा है । संसद में उसे बोलने का मौका जरूर मिलेगा लेकिन उससे सुनना भी पड़ेगा, यही वो चाहता नहीं है । मणिपुर का मुद्दा इतना जटिल है कि आप वहाँ अपनी राय आसानी से नहीं रख सकते । वहाँ दो समुदाय आमने सामने आ गये हैं, आप उनमें से किसके पक्ष में खड़े होंगे, यह तय करना सभी के लिये मुश्किल है । इसी लिए विपक्ष जबरदस्त हंगामा कर रहा है और संसद को चलने नहीं दे रहा है । जब इस मुद्दे पर चर्चा होगी तो विपक्ष के लिये बोलना मुश्किल हो जायेगा , इसलिये वो कभी नियमों की आड़ लेकर हंगामा कर रहा है और कभी प्रधानमंत्री के बयान को लेकर हंगामा कर रहा है ।

विपक्ष चाहता है कि नियम 267 के तहत चर्चा हो जबकि वो सर्वदलीय बैठक में नियम 176 के अन्तर्गत चर्चा की बात मान चुका था । नियम 176 के तहत ढाई घंटे चर्चा होती है जबकि नियम 267 के तहस कोई समय सीमा तय नहीं है और चर्चा के दौरान सदन का सारा कामकाज ठप्प कर दिया जाता है । अब सवाल यह है कि क्या विपक्ष ढाई घंटे में अपनी बात नहीं रख सकता और जब यह समय बढ़ाया जा सकता है तो फिर 267 के तहत चर्चा की जिद्द क्यों की जा रही है । विपक्ष की एक माँग यह भी है कि इस चर्चा का जवाब प्रधानमंत्री मोदी स्वंय दें जबकि भाजपा चाहती है कि इसका जवाब इस मामले से संबन्धित गृहमंत्री अमित शाह दें ।

आपने अक्सर देखा होगा कि राहुल गाँधी देश ही नहीं, विदेशों में भी यह बात कहते हुए नजर आते हैं कि उन्हें संसद में बोलने नहीं दिया जाता जबकि सच्चाई यह है कि विपक्ष संसद चलने ही नहीं देता तो कोई बोलेगा कैसे ? वर्तमान में उनकी सदस्यता खत्म हो गई है तो वो वैसे भी नहीं बोल सकते । शायद काँग्रेस के सांसदों की खीझ यही है कि जहाँ राहुल गांधी नहीं बोल सकते, वो संसद भला किस काम की, इसलिये इसे चलने न दिया जाये तो अच्छा है । दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को राज्यसभा से पूरे सत्र के लिये निलंबित कर दिया गया है, इसलिये भी विपक्ष शोर मचा रहा है । संजय सिंह को राज्यसभा के ही सदस्यों ने गलत आचरण के लिये एक प्रस्ताव पास करके निलंबित कर दिया है जबकि ऐसा बहुत कम होता है । वो अपने आचरण पर विचार करने की जगह लोकतन्त्र की हत्या का शोर मचा रहे हैं । पूरा विपक्ष उनके साथ खड़ा हो गया है, संसद के बाहर बैठकर प्रदर्शन कर रहा है ।

अब सवाल उठता है कि जो पार्टी दिल्ली विधानसभा के सत्र से हर बार भाजपा के सदस्यों को मार्शलों से उठवाकर बाहर फिंकवा देती है, उसके मुंह से लोकतन्त्र, तानाशाही और अभिव्यक्ति की आजादी की बात अच्छी लगती है । जो पार्टी सिर्फ कहानी सुनाने के लिये विधानसभा का विशेष सत्र बुलवाती हो वो भला कैसे सदन की मयार्दा को समझ सकती है । वैसे उसे संजय सिंह के निलंबन का बड़ा फायदा हो रहा है क्योंकि पूरा विपक्ष आज संजय सिंह के पीछे खड़ा है और आम आदमी पार्टी के लिये इससे बेहतर क्या हो सकता है । विपक्ष एक दस साल पुरानी पार्टी का पिछलग्गू बन जाये तो उसके भविष्य के लिये बेहतर ही होगा । संजय सिंह के पीछे खड़े होकर विपक्ष ने अपनी हैसियत वैसे भी जनता के सामने रख दी है ।

जहाँ तक काँग्रेस की बात है तो सात दिन पहले ही कर्नाटक में काँग्रेस ने भाजपा के 10 विधायकों को सिर्फ कागज फाड़ने के कारण पूरे सत्र के लिये निलंबित कर दिया है । राजस्थान में अपने ही मंत्री को सच बोलने के कारण पहले बर्खास्त कर दिया गया और अब उन्हें विधानसभा में घुसने नहीं दिया जा रहा है ।

# 2024 के पहले समाजवादी पार्टी को झटके पर झटके लग रहे है !

**अशोक भाटिया**

समाजवादी पार्टी मिशन 2024 की तैयारियों में जुटी हुई है और इसी बीच उसको वाराणसी में बड़ा झटका लगा है। साल 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ लोकसभा का चुनाव लड़ने वाली शालिनी यादव सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई हैं। शालिनी यादव ने उत्तरप्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में सोमवार को लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। शालिनी यादव का भाजपा में शामिल होना सपा को बड़ा झटका है। साल 2019 के लोकसभा चुनाव में शालिनी यादव ने वाराणसी लोकसभा सीट से पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था। सपा ने पूर्वांचल में यादव वोट बैंक का ध्यान रखते हुए चुनावी मैदान में उतारा था और इस चुनाव में शालिनी यादव दूसरे नंबर पर रही थीं। प्रधान मंत्री मोदी को 6 लाख से अधिक वोट मिले थे और उन्होंने वाराणसी सीट पर दोबारा जीत दर्ज की थी। वहीं शालिनी यादव के खाते में इस चुनाव में 2 लाख के करीब वोट आए थे। जहां अखिलेश यादव विपक्षी एकता में जुटे हुए हैं, इसी बीच शालिनी यादव ने भाजपा में शामिल होकर सपा मुखिया को बड़ा झटका दिया है।

इसके पूर्व लोकसभा चुनाव से ठीक पहले दारा सिंह चौहान का इस्तीफा और ओम प्रकाश राजभर की भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में वापसी उत्तरप्रदेश की सियासत में सपा प्रमुख अखिलेश यादव के लिए बड़ा झटका है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव ने जातीय आधार वाले छोटे-छोटे दलों को साथ लेकर एक मजबूत कुनबा तैयार किया था जो अब पूरी तरह बिखर चुका है। भाजपा छोड़कर सपा में आए नेता एक-एक कर साथ छोड़ रहे हैं और महान दल से लेकर सुभासपा जैसे सहयोगी दल भी दूर छिटक चुके हैं।

अखिलेश यादव न ही अपनी पार्टी नेताओं को रोक पा रहे हैं और न ही सहयोगी दलों को साथ में रख पा रहे हैं। इस तरह सपा के बिखरते कुनबे के बीच पूर्वांचल में भाजपा का गठबंधन मजबूत हो गया है। ओबीसी की मजबूत नेता अनुप्रिया पटेल से लेकर संजय निषाद और ओम प्रकाश राजभर तक भाजपा के साथ खड़े नजर आ रहे हैं जबकि सपा पूर्वांचल में अकेले रह गई है। ऐसे में अखिलेश यादव 2024 की चुनावी जंग में भाजपा गठबंधन से कैसे मुकाबला कर पाएंगे?

# मऊ ईओ से डीएम हुए खफा, कर्वी ईओ ने नहीं माना डीएम का निर्देश

## डीएम ने अधिशाषी अधिकारियों के कसे पेंच

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने नगर पालिका/नगर पंचायत एवं डूडा विभाग से कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने एएसडीएम/परियोजना अधिकारी डूडा से कहा कि मऊ में प्रधानमंत्री आवास शहरी के आवेदन व विस्तारित क्षेत्र कर्वी तथा राजापुर के आवेदनों का सत्यापन कराकर पहली किस्त जारी करें।

बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए समीक्षा में कहा कि लंबित आवेदन पत्रों की जांच कराकर निस्तारित करें। जो आवास बन रहे हैं, उन्हें तत्काल पूर्ण करायें। जिन लाभार्थियों को दूसरी-तीसरी किस्त देना है, उन्हें समय से भेजी जाये। प्रधानमंत्री निधि स्वनिधि योजना के भरे गये आवेदनों की मंजूरी कराकर लाभान्वित करायें। अधिशासी अधिकारियों से कहा कि आवेदन पत्रों का सत्यापन कराकर शासन से प्राप्त नये लक्ष्य में आवेदन बैंकों में भेजकर लाभान्वित करायें। जिन्होंने अच्छे कार्य किये हैं, उन्हें दूसरी-तीसरी किस्त देकर लाभान्वित करें। डूडा में जो कार्य होने हैं, उनके टेंडर कराकर कार्य शुरू कराए।

जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद कर्वी में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए ईओ नगर पालिका से कहा कि ट्रैफिक चैराहे के कार्य तेजी से कराकर पूर्ण करायें। लाइटिंग, पौधरोपण



भी करायें। पाठा जलकल व सीतापुर में पम्प सप्लाई तत्काल चालू करायें। सरयू नाला के कार्य को जल निगम को दें। जिलाधिकारी ने ईओ कर्वी को सख्त निर्देश दिए कि उनके भ्रमण दौरान दिए निर्देशों के बाद भी पुरानी बाजार सूचना कार्यालय परिसर के अंदर व बाहर के अवैध अतिक्रमण नहीं हटाये गये। खेद जताते हुए कहा कि तत्काल एसडीएम के साथ मौके से अतिक्रमण हटायें। इसी प्रकार रैन बसेरा सीतापुर में भी अवैध ढंग से लोग रह रहे हैं, उन्हें भी हटाया जाए। नगर पालिका या पंचायती राज विभाग के सफाई कर्मी को निर्देश दें कि तत्काल खाली करें। अन्यथा वेतन रोका जाएगा। ईओ नगर पंचायत मऊ को कडे निर्देश दिए कि मंजूर निर्माण कार्यों के तत्काल टेंडर कराकर शुरू करायें। अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी गौशालाओं में अभियान चलाकर गौवंशों को संरक्षित करें। किसी भी दशा में सड़कों पर अन्ना पशु नहीं घूमने चाहिए। सभी लोग सुनिश्चित करें कि एमआरएफ के कार्यों को पूरा कराकर शुरू करायें। सभी ईओ और कार्यों को अपने नगर की आय के फंड से करायें। ईओ कर्वी से कहा कि कोठी तालाब के पार्क को हैंडओवर करके शुरू करायें। एडीएम से कहा कि मऊ में नगर सृजन के कार्य अभी तक शुरू नहीं हुए। अधिशासी अधिकारी को पत्र भेजकर ठेकेदारों से कार्य शुरू करायें। कार्य शुरू न करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करें। ईओ मऊ को सख्त हिदायत दी कि अगली बार कार्यों की प्रगति न हुई तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। अपर जिलाधिकारी कुंवर बहादुर सिंह ने अधिशासी अधिकारियों से कहा कि जो कार्य पूरे हो गए हैं, उसका उपभोग प्रमाण पत्र दें ताकि शासन को भेजा जा सके। कार्यो की नई कार्य योजना तैयार कर शासन को भेजें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसडीएम पंकज वर्मा, ईओ कर्वी लालजी यादव, मानिकपुर भारत सिंह, राजापुर बीएन कुशवाहा, मऊ, अभियंता जिला पंचायत भगत सिंह, अवर अभियंता नगर पालिका संतोष सिंह राठौर, जिला समन्वयक डूडा संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

## संविदा शिक्षक ने नाबालिग छात्रा से किया दुष्कर्म

**अखंड भारत संदेश**

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर में एक प्राइवेट संविदा शिक्षक ने अपने घृणित कार्य से समाज को शर्मसार किया है।

बुधवार को संविदा शिक्षक ने नाबालिग छात्रा को हवस का शिकार बनाया है। महीनों से शिक्षक छात्रा के साथ दुष्कर्म कर रहा था। गहन पूंछताछ और प्राथमिक जांच के बाद कोतवाल मानिकपुर ने संविदा शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया। कालेज प्रशासन ने आरोपी शिक्षक को विद्यालय से निकाल दिया है।

इस घटना से समाज में आक्रोश व्याप्त है। लोगों ने शिक्षक के खिलाफ कडी कार्यवाही की मांग की है। फिलहाल आरोपी शिक्षक की गिरफ्तारी को पुलिस टीमों ने दबिश देना शुरू कर दिया है। जल्द आरोपी के घर पर बुलडोजर की कार्यवाही भी हो सकती है।

## पुलिस ने वांछित को दबोचा



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में दरोगा रामप्रवेश यादव की टीम ने वांछित अरविंद कुमार पटेल पुत्र धर्मराज उर्फ अनुसुइया निवासी तालातीर मजरा मडैयन को घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामप्रवेश यादव, सिपाही शक्ति सिंह, सोनपाल व होलीकेंद्र शामिल रहे।

## सोनीपत: ग्रामीण का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी

**सोनीपत।** गांव छिछड़ाना के एक ग्रामीण का अपहरण करके पीट-पीट कर हत्या कर दी गई तथा आरोपी मंगलवार की आधी रात को शव गली में फेंक कर चले गए। मृतक के पुत्र की शिकायत पर पुलिस ने बुधवार को चार नामजद समेत छह आरोपियों पर मामला दर्ज किया है। मूलतः गांव छिछड़ाना गांव अजीत पुत्र धनीराम वर्तमान में समय छपरा गांव में रह रहा है। दो भाई, दो बहनें हैं मंगलवार को सुबह 9 बजे बिल्लू पुत्र जिले सिंह उसके पिता धनीराम को हिसार जाने के लिए बाइक पर अपने साथ बैठा कर ले गया। दो मोटरसाइकिल पर सहदेव, प्रदीप, नरेश उर्फ नेशी और दो अन्य लड़के छपरा गांव में पहुंचे। उसके पिता को चोट लग गई है, वह उनके साथ हिसार चलें। अजीत ने अपने छोटे भाई अजय को फोन किया, उसने बताया कि बिल्लू, सहदेव, प्रदीप, नरेश और दो अन्य लड़कों से सुबह से पिता को उठा रखा है। इन आरोपियों ने पिता के साथ उसे और उसके ताऊ प्यारे लाल से भी मारपीट की है।

# बघौडा गांव में सार्वजनिक बंजर भूमि पर है पूर्व प्रधान के पुत्रों का कब्जा

## सामाजिक क्रांति के महानायक थे शाहूजी: अविनाशचन्द्र द्विवेदी-शोषित-पीड़ित, वंचित के उत्थान में समर्पित था शाहूजी का जीवन: अशोक जाटव

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सामाजिक परिवर्तन के महानायक छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती भगवानदीन सिंह पटेल महाविद्यालय रगौली में मनाई गई। अतिथियों ने साहू जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की चर्चा की।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल समेत अतिथियों ने छत्रपति साहूजी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण किया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा कि शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर राज्य में शोषित, पीड़ित और वंचित वर्ग के लोगों को सत्ता में भागीदारी देकर सामाजिक परिवर्तन की अलख जगाई थी। केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास नीति पर चलकर छत्रपति शाहू जी के सपनों को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समतामूलक समाज की स्थापना को शाहूजी महाराज ने आरक्षण की



शुरूआत की थी। महिला शिक्षा को बढ़ावा देने को शाहूजी महाराज ने कोल्हापुर स्टेट में देश का प्रथम महिला महाविद्यालय स्थापित कर संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर को स्कॉलरशिप देकर पढ़ाई को कोलंबिया भेजा था। सांसद ने कहा कि शाहूजी महाराज के सामाजिक परिवर्तन आंदोलन को पीएम मोदी और सीएम योगी आगे बढा रहे है। जल्द ही केंद्र की मोदी सरकार समान नागरिक संहिता लागू कर देश के करोडों लोगों को एक समान अधिकार देने का प्रावधान सुनिश्चित करेगी।

समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि शाहूजी महाराज ने शिक्षा की अलख जगाकर समाज के दबे कुचले लोगो को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले दलित समुदाय के रामनाथ कोविंद को और अब आदिवासी महिला द्रोपदी मुर्मू को देश का प्रथम नागरिक/राष्ट्रपति बनाकर छत्रपति शाहूजी के अधूरे सपनों को साकार किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश खरे, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कहा कि शाहूजी महाराज सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे। शिक्षा और समानता को शाहूजी के उल्लेखनीय कार्यों को कभी भुलाया नही जा सकता।

समारोह में यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के टापर छात्र-छात्राओं एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में अव्वल क्षेत्र के युवाओं को सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया। पहाडी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता रंजना उपाध्याय, हरिओम करवरिया, रामबाबू गुप्ता, आरडी सिंह, रविप्रकाश त्रिपाठी, शक्ति प्रताप सिंह तोमर, सुनील सिंह पटेल, सुशील सिंह पटेल, राजकुमार त्रिपाठी, माया प्रजापति, साधना सिंह, रामसुहावन सिंह पटेल, समाजसेवी कमलेश कुमार मिश्रा, आशीष रघुवंशी, अभिलाष सिंह आदि ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। संचालन सांसद प्रतिनिधि शक्ति प्रताप सिंह तोमर व शिक्षक श्रीकेशन ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम लोगो के आकर्षण रहे।

---------------------

## अन्ना जानवरों से छुटकारा को सिकरी के शिक्षकों ने खोजा नायाब तरीका




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रातदिन जागकर किसान अपनी फसलों की रखवाली करते हैं, लेकिन अन्ना जानवर फसलों को चट कर जाते हैं। इससे छुटकारा दिलाने को सरकार गौशालाओं में अन्ना जानवरों के संरक्षण के दावे करती है।

बुधवार को किसानों की फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। किसानों को इस मुसीबत से छुटकारा दिलाने का नुस्खा रामनगर ब्लाक के सिकरी गांव के कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षकों ने खोज निकाला है। तस्वीरें बता रही हैं कि यहां अन्ना जानवर दूसरे को क्षति नहीं पहुंचा सकते। ये नसीहत देते हुए शिक्षा के माध्यम से अन्ना जानवरों को स्वावलंबी बनाने का प्रयोग कंपोजिट विद्यालय सिकरी के होनहार शिक्षक कर रहे हैं।

सूत्रों के दावे हैं कि सिकरी के जानवरों से सफलता मिलने के बाद रामनगर ब्लाक के अन्य गांवों के बेजुबान जानवरों को भी ये टिप्स देकर हुनर तराशने का काम किया जायेगा। गौशाला निर्माण में ग्राम पंचायत की जमीन सिकरी में नहीं मिल सकी। इससे अमवा के समीप सिकरी ने गौशाला बनवाई थी, दूरी होने से अन्ना जानवर गौशाला में नहीं जा रहे हैं, बल्कि विद्यालय में शरण ले लिया है। कंपोजिट विद्यालय सिकरी के शिक्षकों के जिम्मे अन्ना जानवर हैं।

## दो के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में पुलिस ने दो के कब्जे से 30 लीटर महुआ शराब बरामद की है।

बुधवार को सरधुवा थाने के दरोगा अनिल कुमार गुप्ता की टीम ने रमेश पुत्र चुन्कू वर्मा निवासी अरछा बरेठी को 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा अनिल कुमार गुप्ता, अरविन्द सोनी, महिला सिपाही श्यामलली शामिल रही।

इसी क्रम में चैकी सीतापुर के दरोगा शौकत खां की टीम ने भुक्कू पुत्र नत्थु निवासी मलकाना मजरा डिलौरा के कब्जे से 15 लीटर महुआ शराब समेत गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ कोतवाली कर्वी में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा शौकत खां, सिपाही सोमदेव शामिल रहे।

## पुलिस ने दबोचे दो वांछित व एक वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वांछित व एक वारंटी को दबोचा है।

बुधवार को कोतवाली कर्वी के निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय की टीम ने एनडीपीएस एक्ट के वारंटी गौतम उर्फ शेषनारायण पुत्र ब्रजराज उर्फ बेलन निवासी कसहाई को गिरफ्तार किया है। टीम में निरीक्षक अपराध अजीत कुमार पाण्डेय, दीवान सुभाषराम, सिपाही शिवपूजन शामिल रहे।

इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा रामाधार सिंह की टीम ने चोरी व माल बरामद के वांछित राजेन्द्र पटेल पुत्र दामोदर पटेल निवासी बरमपुर को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा रामाधार सिंह, सिपाही दीपान्कर सिंह शामिल रहे। भरतकूप थाने के वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह की टीम ने अपहरण व छेडछाड तथा पाक्सो एक्ट के वांछित रामविशाल पुत्र श्यामलाल निवासी भैसौंधा को गिरफ्तार किया है। टीम में वरिष्ठ दरोगा यदुवीर सिंह, सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## आज सम्मानित होंगे वैश्य समाज के चेयरमैन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन के अध्यक्ष विवेक अग्रवाल ने बताया कि पिछले दिनों नगर पालिका चुनाव में विजयी जिले के वैश्य वर्ग से चेयरमैन नरेन्द्र गुप्ता, डीसीबी चेयरमैन पंकज अग्रवाल व जिला सह. फेडरेशन लि. के अध्यक्ष योगेश जैन एवं अन्य सभी वैश्य सभासदों का अभिनन्दन सम्मान समारोह 27 जुलाई को होटल रामकृपा इन में दोपहर साढे 12 बजे होगा। कार्यक्रम में आईवीएफ के प्रदेश महामंत्री शिवकुमार सोनी मौजूद रहेंगे।

# सीएम बाल सेवा योजना से बच्चों को करें लाभान्वित: डीएम

## प्रोबेशन अधिकारी ने दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द को मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा ने बताया कि जीरो से 18 वर्ष उम्र के ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता, माता या पिता में से किसी एक की अथवा वैध अभिभावक की मृत्यु एक मार्च 2020 के बाद हुई है। ऐसे 78 बच्चों के आवेदन चिन्हित कर आवेदन भरवाए गए हैं, जिनका सत्यापन हो गया है। बुधवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता की। उन्हें जिला प्राबेशन अधिकारी ने बताया कि



128 बच्चे पहले चिन्हित कर लाभान्वित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी से कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना का प्रचार-प्रसार करायें। जिले में और ऐसे बच्चे मिलेंगे, उन्होंने सीडीओ से कहा कि विकासखंडों पर प्रचार को योजना के पम्पलेट छपवाकर भेजे जायें, ताकि गांव में प्रधानों को बैठक में उनके माध्यम से प्रचार-प्रसार कराकर बिना माता-पिता के जो बच्चे हैं, उन्हें योजना से लाभान्वित कराया जाये।

उन्होंने कहा कि जो आवेदन सत्यापन होकर मिने हैं, उन बच्चों को लाभान्वित करायें। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत जो बालिका लाभ प्राप्त कर रही थी, इस योजना से विवाह को धनराशि भी दी जाती है। एक आवेदन मिला है, उसके साक्ष्य दें, ताकि उसे लाभान्वित किया जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत शासन से मिले निर्देश के अनुसार जिले के पात्रों को आर्थिक सहयोग दें।

बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एडीएम न्यायिक वंदिता श्रीवास्तव, एएसडीएम पंकज वर्मा, डीपीओ मनोज कुमार, समिति की सदस्य उर्मिला देवी आदि मौजूद रहे।

## दो अन्तर्राज्जीय गांजा तस्कर गिरफ्तार, दस किलो गांजा व तस्करी में मोटरबाइक बरामद



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा की अगुवाई में पुलिस ने दो अन्तर्राज्जीय गांजा तस्करों के कब्जे से दस किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया है। बुधवार को दरोगा कन्हैया बक्श सिंह की टीम ने वाहन जांच दौरान करौंदी छीबो रोड पर मोटरबाइक यूपी 71एएम-1054 पर आ रहे जितेन्द्र सिंह उर्फ कल्लू पुत्र हनुमान सिंह व बब्लू सिंह उर्फ जयकरन सिंह पुत्र गुलाब सिंह निवासी वार्ड चार नरवापार कस्बा थाना किशनपुर जिला फतेहपुर को दस किलो गांजा समेत गिरफ्तार किया। पूंछताछ में दबोचे तस्करों ने बताया कि वे बिलासपुर छत्तीसगढ़ से गांजा लाये थे। फतेहपुर ले जा रहे थे। आप-पास के जिलों में गांजे की आपूर्ति करते हैं। आरोपियों के खिलाफ राजापुर थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। बरामद गांजा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पांच लाख रुपये कीमत आंकी गई है। टीम में दरोगा कन्हैया बक्श सिंह, दरोगा केडी मिश्रा, सिपाही उज्जवल पाण्डेय, धीरेन्द्र यादव व विजय पटेल शामिल रहे।

# मन्दाकिनी में मछलियों का शिकार करने वालों का हो चालान: अजीत सिंह

## 41वें दिन सफाई अभियान जारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मन्दाकिनी नदी सफाई अभियान के तहत 41वें दिन बुंदेली सेना ने नयागांव रपटा के पास सघन सफाई की। बड़े पैमाने पर चोई और चारे को नदी से बाहर किया। लोगों से नदी में पालीथिन कचरा न फेंकने और नदी को बचाने में मदद की अपील की।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि चोरी-छिपे मछलियों का मन्दाकिनी में शिकार हो रहा है। जब तक सीतापुर से लेकर कर्वी तक हर महीने शिकारियों को चिन्हित



कर चालान नहीं होगा, तब तक भय का माहौल नहीं बनेगा। नदी में गहराई में जाने से रोंकने को लोहे की सुरक्षा बैरीकेट लगवाने की जरूरत है। अभी केवल अमावस्या पर्वों पर सिंचाई विभाग खम्भों में रस्सी बांधकर काम चला रहा है। जिलाधिकारी से बुंदेली सेना ने मांग की है कि सम्पवेल में एक हैवी जनरेटर वर्षों से खराब पडा है। इसे वहां से हटवाकर अन्यत्र लगवायें। नदी में हवन-पूजन सामग्री विसर्जित करने को पुलघाट कर्वी और राजाघाट में विसर्जन कुंड बनवाया जाये। मुक्तिधाम स्थल पुलघाट और कच्ची छावनी मे वृक्षारोपण कराया जाये।

सफाई अभियान लगातार जारी रहेगा। जिलाधिकारी से मिलकर समस्या निदान की मांग की जाएगी। इस दौरान कवीर्माफी प्रधान बद्री सिंह, जानकीशरण गुप्ता, रामनरेश यादव, शैलेन्द्र मिश्रा समेत युवा मौजूद रहे।

## गैंगस्टर के दो दोषियों को चार वर्ष चार माह का कारावास

**फिरोजाबाद।** न्यायालय ने बुधवार को गैंगस्टर के दो दोषियों को चार वर्ष और चार माह की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर अर्थदंड भी लगाया गया। अर्थदंड न देने पर उन्हें अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। थाना पचोखरा में नौ अप्रैल 2019 को अनिल कुमार उर्फ धर्मेंद्र पुत्र ख्यालीराम निवासी ठारपूठा, थाना रामगढ़ व राहुल पुत्र रामऔतार निवासी किली की बजरिया, कोतवाली जिला मैनपुरी के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

# विदेश संदेश

## लापता चल रहे चीन के विदेश मंत्री बर्खास्त, वांग यी को मिली कमान

**बीजिंग।** एक महीने से अधिक समय से लापता चल रहे चीन के विदेश मंत्री किन गैंग को बर्खास्त कर दिया गया है। उनके स्थान पर वान यी को नया विदेश मंत्री बनाकर चीनी विदेश नीति की कमान सौंपी गयी है। चीन के विदेश मंत्री किन गैंग पिछ्ले एक माह से अधिक समय से लापता चल रहे थे। इसको लेकर तमाम तरह की चर्चाओं के बाजार गर्म थे। चीन की शीर्ष विधायिका के एक विशेष स्तर में किन गैंग को विदेश मंत्री के पद से हटाने का फैसला हुआ। किन गैंग को बर्खास्त कर उनकी जगह वांग



यी को चीन का नया विदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। इसी विशेष सत्र में आपराधिक कानून संशोधन के मसौदे, आधिकारिक नियुक्ति और निष्कासन पर फैसले की समीक्षा की गई।

## बाइडन ने अमेरिकी मानसिक स्वास्थ्य संकट पर की बात, फिसली जुबान, कहा- हमने कैंसर को खत्म कर दिया

**वाशिगंटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार (स्थानीय समय) को एक आश्चर्यजनक दावा किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने प्रभावी ढंग से कैंसर को खत्म कर दिया है जैसा कि हम जानते हैं। बाइडन ने यह दावा व्हाइट हाउस में मानसिक स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच बढ़ाने पर एक कार्यक्रम में बोलते हुए किया। इस दौरान उन्होंने अपने यूनिटी एजेंडा के हिस्से के रूप में अमेरिका के मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने की अपनी प्रतिबद्धता पर भी चर्चा की। बाइडन ने कहा, एक चीज जो मुझसे हमेशा पूछी जाती है वह यह है कि अमेरिकियों ने कुछ समय के लिए बड़े काम करने में सक्षम होने के प्रति विश्वास क्यों खो दिया है। उन्होंने आगे कहा, मुझसे पूछा गया यदि आप कुछ भी कर सकते, बाइडन, तो आप क्या करेंगे? मैंने कहा कि मैं कैंसर का इलाज करूंगा। उन्होंने मुझे इस तरह देखा जैसे पूछ रहे हो, कैंसर क्यों? क्योंकि कोई नहीं सोचता कि हम यह कर सकते हैं। क्योंकि हम ऐसा कर सकते हैं। जैसा कि हम जानते हैं, हमने कैंसर को खत्म कर दिया है। इससे पहले 2020 में एक प्रचार अभियान के दौरान बाइडन ने कैंसर का इलाज करने का वादा किया था और इसे अपने प्रशासन का केंद्र-बिंदु बनाया था। यह पहल बाइडन के बेटे ब्यू की 2015 में मस्तिष्क कैंसर से मृत्यु के बाद शुरू हुआ था। 2016 में कैंसर का इलाज खोजने के नए प्रयास में बाइडन ने ओबामा प्रशासन के दौरानकैंसर मूनशॉट कार्यक्रम का नेतृत्व किया था। उन्होंने अगले 25 वर्षों में कैंसर से मृत्यु दर को कम से कम 50 प्रतिशत तक कम करने के लक्ष्य के साथ 2022 में कार्यक्रम को फिर से शुरू किया और भविष्य में घातक कैंसर को इलाज योग्य बनाने का वादा किया।

## यूक्रेन को तीन हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त सैन्य मदद भेजेगा अमेरिका, रूस के खिलाफ ये हथियार बढ़ाएंगे ताकत

**कीव।** रूस से युद्ध के बीच यूक्रेन को अमेरिकी सहायता मिलना लगातार जारी है। बाइडन प्रशासन ने यूक्रेन के लिए 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर (करीब 3200 करोड़ रुपये) की अतिरिक्त सैन्य सहायता भेजने का एलान किया। इसके जरिए यूक्रेन को रूस से युद्ध के लिए कई आधुनिक हथियार मिलेंगे, जिनमें एयर डिफेंस सिस्टम्स, तोपों और बख्तरबंद गाड़ियों के लिए गोला-बारूद शामिल हैं। अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक बयान में कहा कि राष्ट्रपति बाइडन की मंजूरी के बाद मैं यूक्रेन के लिए 43वीं सैन्य मदद की राशि जारी कर रहा हूं। इस सहायता पैकेज से यूक्रेन की बहादुर सेना को युद्ध क्षेत्र में मजबूती हासिल करने में आसानी होगी और वह अपने स्वायत्त क्षेत्र को वापस पाने में सक्षम होगा, जिससे उसके नागरिकों की रक्षा भी सुनिश्चित हो पाएगी। ब्लिंकन ने कहा कि यूक्रेन से सेना वापस बुलाकर और यूक्रेनी शहरों-नागरिकों पर हमलों को रोककर रूस इस युद्ध को कभी खत्म कर सकता है। लेकिन जब तक यह नहीं होता, तब तक अमेरिका और हमारे साथी जितना हो सके उतनी देर तक यूक्रेन के साथ खड़े रहेंगे। गौरतलब है कि इसी साल जून में भी अमेरिका ने यूक्रेन के लिए 50 करोड़ डॉलर का सुरक्षा सहायता पैकेज जारी किया था, जिसका मकसद यूक्रेन को सुरक्षा और रक्षात्मक तौर पर तैयार करना था। इन दोनों पैकेज के जरिए अमेरिका अब रूस के खिलाफ यूक्रेन की पलटवार की क्षमताओं को बढ़ाने की कोशिश में जुटा है।

## उत्तर कोरिया के दौरे पर पहुंचे रूस के रक्षा मंत्री, कोरियाई युद्ध की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित समारोह में लेंगे हिस्सा

**मॉस्को।** रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु की अगुवाई में रूसी सैन्य प्रतिनिधिमंडल उत्तर कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर कोरिया पहुंचा है। राजधानी प्योंगयांग के सुनान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक आधिकारिक समारोह में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया गया। उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री कांग सुन-नाम ने रूस के रक्षा मंत्री का स्वागत किया। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोरियाई युद्ध की 70वीं वर्षगांठ मना रहे उत्तर कोरिया ने इस खास अवसर के लिए चीन और रूस के प्रतिनिधियों को प्योंगयांग आने का न्यौता दिया है। 27 जुलाई 1953 को कोरियाई युद्ध खत्म हुआ था। हर साल इसका जश्न मनाया जाता है।जिसमें प्रमुख रूप से उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग में भव्य सैन्य परेड होता रहा है।

इस वार्षिक आयोजन में शामिल होने के लिए रूस का प्रतिनिधिमंडल 25 जुलाई से 27 जुलाई तक उत्तर कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर है। जबकि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य ली होंगजोंग अपने देश के



प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय की तरफ से कहा गया है कि यह यात्रा रूसी-उत्तर कोरियाई सैन्य संबंधों को मजबूत करने में योगदान देगी और दोनों देशों के बीच सहयोग के विकास में महत्वपूर्ण होगी।

उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी के बाद से उत्तर कोरिया ने अपनी सीमाएं बंद कर दी थी। उत्तर कोरिया ने 2020 के शुरू में ही सभी व्यापारिक व राजनयिक आदान-प्रदान के लिए अपनी सीमाएं बंद कर दी थीं। यहां तक कि अपने प्रमुख साझीदार चीन और रूस के साथ भी। अब तीन साल से भी अधिक समय बाद उत्तर कोरिया पहली बार किसी विदेशी मेहमान की आगवानी कर रहा है। साथ ही रूस और चीन के प्रतिनिधियों का यह उत्तर कोरिया का दौरा उस दौर में हो रहा है जब उत्तर कोरिया के साथ दक्षिण कोरिया और उसके सहयोगी अमेरिका के बीच तनाव पढ़ रहा है। अमेरिका की तरफ से यूक्रेन युद्ध में उत्तर कोरिया पर रूस की मदद का आरोप लगाया जा रहा है।

## बांग्लादेश में डेंगू से 185 लोगों की मौत, 35 हजार से ज्यादा संक्रमित

**ढाका।** बांग्लादेश में डेंगू की महामारी फैल गयी है। अब तक डेंगू से 185 लोगों की मौत हो चुकी है और 35 हजार से ज्यादा मरीज संक्रमित हो चुके हैं। इस कारण पूरे बांग्लादेश में डेंगू को लेकर दहशत का आलम है।

बांग्लादेश में डेंगू से मरने वालों का सिलसिला थम नहीं रहा है। देश के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय के अनुसार पिछ्ले 24 घंटों में डेंगू से नौ लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही डेंगू से मरने वालों की संख्या 185 हो गयी है। इनमें से 138 लोगों की मौत तो सिर्फ जुलाई माह में ही हुई है। इस साल देश में अब तक 35,270 लोगों में डेंगू का संक्रमण पाया गया है। इनमें से जुलाई माह में 27,292 नए लोग डेंगू के संक्रमण का शिकार हुए हैं। जून में यह संख्या 5,956 थी। डेंगू की भयावहता का आलम यह है कि पिछ्ले 24 घंटों में डेंगू के कुल



2,293 ताजा मामले सामने आए हैं, जिनमें से 1,238 ढाका से हैं। डेंगू के मरीजों से अस्पताल भरे हुए हैं। अस्पतालों में वार्डों के बाहर भी इलाज हो रहा है, वहीं जमीन पर भी मरीज लिटाए गए हैं। पूरे देश में तेजी से फैल रहे डेंगू के संक्रमण को लेकर दहशत का माहौल बन रहा है। अधिकारियों के मुताबिक इस साल इस डेंगू बीमारी से मृत्यु दर पिछ्ले पांच साल के सबसे ऊंचे स्तर 0.53 प्रतिशत पर है। पिछ्ले साल यह दर 0.45 प्रतिशत थी, जब बांग्लादेश में डेंगू से रिकॉर्ड 281 लोगों की मौत हुई थी।

## पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा, भीख का कटोरा फेंक कम करें विदेशी ऋण पर निर्भरता

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सेना प्रमुख सैयद असीम मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान को अब भीख का कटोरा फेंक कर विदेशी ऋण पर निर्भरता कम करनी चाहिए। एक समारोह में उन्होंने देश को आत्मनिर्भर बनने की आवश्यकताओं को रेखांकित करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक गौरवान्वित और प्रतिभाशाली राष्ट्र है। पाकिस्तानी सेना प्रमुख ने कहा कि देश के पास सभी मूलभूत सुविधाएं मौजूद हैं। सुरक्षा और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे के साथ आपस में जुड़े हुए हैं। जब तक पाकिस्तान मौजूदा संकट से बाहर नहीं निकल जाता है तब तक सेना चैन से नहीं बैठेगी। सेना प्रमुख ने कहा कि अल्लाह ने पाकिस्तान को सभी नेमतों से नवाजा है और दुनिया की कोई ताकत देश की प्रगति को नहीं रोक सकती। राज्य मां की तरह होता है। लोगों और राज्य के बीच का रिश्ता प्यार और



सम्मान का होता है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा और अर्थव्यवस्था एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तानी सेना को अपने राष्ट्र की सेवा करने पर गर्व है। सेना को लोगों से ताकत मिलती है। जनरल मुनीर ने वादा किया कि जब तक पाकिस्तान मौजूदा संकट से बाहर नहीं निकल जाता, सेना आराम से नहीं बैठेगी।

## चीन के सुरक्षा सलाहकार से बोले डोभाल, शांति के बिना नहीं हो सकते रिश्ते सामान्य

**जोहान्सबर्ग।** भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने चीन के सुरक्षा सलाहकार वांग यी से साफ कहा है कि शांति के बिना दोनों देशों के रिश्ते सामान्य नहीं हो सकते। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स देशों के सम्मेलन से इतर हुई बातचीत में डोभाल और वांग यी ने द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

चर्चा के दौरान दोनों के बीच भारत-चीन से जुड़े सीमा विवाद पर भी चर्चा हुई है। यी ने डोभाल से दोनों देशों के बीच रिश्तों को स्थिर करने की बात कही। इसके जवाब में डोभाल ने भी दोनों देशों के आपसी हितों का जिक्र किया। वांग यी ने डोभाल से कहा कि दोनों पक्षों को रणनीतिक विश्वास बढ़ाना चाहिए। इसके साथ ही आम सहमति और सहयोग पर ध्यान केंद्रित और बाधाओं को दूर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि



द्विपक्षीय संबंधों को जल्द से जल्द मजबूत और स्थिर विकास की पटरी पर लाना चाहिए। वांग यी ने जोर देकर कहा कि चीन भारत समेत व्यापक विकासशील देशों के साथ बहुपक्षवाद और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के लोकतंत्रीकरण का समर्थन कर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण दिशा की ओर बढ़ाने को तैयार है।

दोनों देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने भारत-चीन सीमा विवाद पर बात की। डोभाल ने कहा कि 2020 से भारत-चीन सीमा के पश्चिमी क्षेत्र में एलएसी पर स्थिति ने रणनीतिक विश्वास और रिश्ते के सार्वजनिक और राजनीतिक आधार को खत्म कर दिया है। इस मौके पर स्थिति को पूरी तरह से हल करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बहाल करने के लिए निरंतर प्रयासों के महत्व पर जोर दिया, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि भारत-चीन द्विपक्षीय संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि क्षेत्र और दुनिया के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।

## राष्ट्रपति एर्दोगन ने खाड़ी देशों का किया दौरा, देश की बीमार अर्थव्यवस्था के लिए आर्थिक मदद की मांग की

**निकोसिया।** तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने हाल के चुनावों में एक और पांच साल का कार्यकाल हासिल करने के बाद पिछ्ले हफ्ते सऊदी अरब, कतर और यूएई का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने तेल समृद्ध खाड़ी देशों से निवेश और वित्तीय सहायता मांगकर तुर्किये की लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को बचाने का प्रयास किया। तुर्किये की बीमार अर्थव्यवस्था के लिए खाड़ी जीवन रेखा के महत्व का इस तथ्य से पता चलता है कि हाल ही में कतर और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने तुर्किये को 20 अरब अमेरिकी डॉलर की मुद्रा विनिमय प्रदान की थी, जबकि सऊदी अरब ने पिछ्ले मार्च में तुर्किये के सेंट्रल बैंक में पांच अरब अमेरिकी डॉलर जमा किए थे। इसके अलावा, पिछ्ले महीने यूएई और तुर्किये ने अगले पांच वर्षों में लगभग 40 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। दरअसल, तुर्किये की अर्थव्यवस्था 40 प्रतिशत के करीब अनियंत्रित मुद्रास्फीति का सामना कर रही है। तुर्किये मुद्रा लीरा ने इस साल अपने मूल्य का 29 प्रतिशत से अधिक खो दिया है और विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो गया है। इसके बाद एर्दोगन को अनिच्छा से आर्थिक वास्तविकता को स्वीकार करने और कम से कम अस्थायी रूप से अपनी विवादास्पद आर्थिक नीतियों को छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा।उन्होंने वित्त मंत्री के पद पर पूर्व निवेश बैंकर मेहमत सिमसेक को वापस लाया। सिमसेक ने 2009 से 2015 तक इसी पद पर काम किया था। साथ ही उन्होंने फर्स्ट रिपब्लिक बैंक के पूर्व सीईओ हाफिज गे एरकान को सेंट्रल बैंक के गवर्नर के रूप में नियुक्त किया और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों को यह समझाने की कोशिश की कि वह अब अपनी अपरंपरागत आर्थिक नीतियों को लागू करने पर जोर नहीं देंगे।

## चीन ने नेपाल में बीआरआई का क्रियान्वयन बढ़ाने के लिए बनाया दबाव

**काठमांडू।** चीन ने नेपाल में बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) के क्रियान्वयन पर दबाव बढ़ा दिया है। नेपाल दौरे पर आये चीनी कम्युनिस्ट पार्टी पोलित ब्यूरो के सदस्य चुआन ची चुन ने यहां प्रमुख नेताओं के साथ बैठक में बीआरआई का कार्यान्वयन तेज करने में दिलचस्पी दिखाई है। चुआन ने इस तथ्य पर सवाल उठाया कि बीआरआई समझौते पर 2017 में हस्ताक्षर किए गए थे, लेकिन कार्यान्वयन की घोषणा अभी तक 2022 में शेर बहादुर देउबा के प्रधान मंत्री बनने के बाद नेपाल



सरकार ने चीन को जवाब दिया कि इसे तभी स्वीकार किया जा सकता है, जब सब्सिडी हो। चीन पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण को बीआरआई के तहत बता रहा है, जिसे नेपाल ने स्वीकार नहीं किया है। हालांकि, यह हवाई अड्डा चीन के ऋण से बनाया गया था।

चीनी नेता चुआन ने नेपाल के नेताओं के साथ बैठक में पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के संचालन के बारे में भी बात की। इसका उद्घाटन 1 जनवरी, 2023 को हुआ था, लेकिन इस हवाई अड्डे से अब तक वाणिज्यिक अंतरराष्ट्रीय उड़ानें संचालित नहीं की गई हैं। चुआन ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड के साथ सितंबर में चीन यात्रा पर भी चर्चा की थी। चीनी नेता चुआन ने नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल, स्पीकर देवराज घिमिरे, नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा, सीपीएन (यूएमएल) के अध्यक्ष केपी शर्मा ओली उपप्रधान और रक्षा मंत्री पूर्ण बहादुर खड़का से मुलाकात की। तीन दिवसीय यात्रा पर रविवार को श्रीलंका के रास्ते नेपाल आये चुआन सीपीएन (माओवादी सेंटर) के उपाध्यक्ष नारायणकाजी श्रेष्ठ, महासचिव देव गुरुंग और अन्य नेताओं से भी मिले हैं।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## डीजीसीए ने इंडिगो के पायलट का तीन और को-पायलट का लाइसेंस एक महीने के लिए निलंबित किया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने ट्रेल स्ट्राइक के साथ विमान की लैंडिंग मामले में इंडिगो एयरलाइन के पायलट और को-पायलट पर बड़ी कार्रवाई की है। डीजीसीए ने इंडिगो के पायलट का लाइसेंस तीन महीने और को-पायलट का लाइसेंस एक महीने के लिए निलंबित कर दिया है। डीजीसीए ने बुधवार को दी जानकारी में बताया कि 15 जून को अहमदाबाद हवाई अड्डे पर टेल स्ट्राइक की घटना के बाद दोनों पायलटों को नोटिस जारी किया गया था। जून में हुई घटना के बाद इंडिगो ने कहा था कि विमान को निरीक्षण के लिए रोक दिया गया है। डीजीसीए के मुताबिक उनके जवाबों और इस मामले के प्रासंगिक तथ्यों की जांच करने के उपरांत नागरिक उड्डयन जरूरतों और मानक संचालन प्रक्रियाओं के प्रावधानों के उल्लंघन के लिए यह कार्रवाई की गई है।

## भारत के चावल निर्यात बैन से अमेरिका में मची खलबली, सुपरमार्केट में खरीदारी के लिए जुटी भीड़

**वाशिंगटन।** भारत के गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा के बाद पूरे अमेरिका में चावलों की कमी दर्ज की गई है। लोग चावल को पहले से ही खरीदकर रखने की होड़ में लग गए हैं। ऐसे में बढ़ती मांग के जवाब में, कई दुकानों ने ग्राहकों द्वारा खरीदे जाने वाले चावल के बैग की संख्या पर प्रतिबंध लगा दिया है

**इधर-उधर भटके लोग, तब भी नहीं मिले चावल**

अमेरिका में रहने वाली अरुणा ने बताया कि उन्होंने सोना मसोरी चावल के लिए अमेरिका में स्थानीय पटेल ब्रदर्स, अपना बाजार, लोटे प्लाजा और अन्य दक्षिण एशियाई किराने की दुकानों को छान मारा। कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें चावल का सिर्फ एक बैग ही मिला। उन्होंने कहा कि वह 10 से अधिक दुकानों पर चावल खरीदने के लिए गईं, लेकिन निराशा हाथ लगी। उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे सोना मसोरी की तलाश शुरू की और शाम 4 बजे तक चावल का एक बैग सामान्य कीमत से तीन गुना ज्यादा कीमत पर मिला। पूरे अमेरिका में अरुणा जैसे कुछ लोग चावल की बोरियां घर लाने में कामयाब रहे, जबकि कई अन्य ने खरीद पर प्रतिबंध की सूचना दी

**इसलिए भारत ने लिया फैसला**

भारत ने आगामी त्योहारों के दौरान घरेलू आपूर्ति बढ़ाने और



खुदरा कीमतों को काबू में रखने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई को प्रतिबंध लगा दिया था। शीर्ष निर्यातक भारत द्वारा रोक लगाने के बाद कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिससे वैश्विक खाद्य बाजारों पर तनाव बढ़ गया है जो पहले से ही खराब मौसम और बदतर स्थिति से परेशान हैं।

**शिशु फार्मूला की कमी आई याद**

गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे प्रतिबंध ने कोविड-19 महामारी और यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका में शिशु फार्मूला की कमी को याद दिला दिया है। अमेरिका में जिन शहरों में चावल की सबसे ज्यादा कमी पता चली है, वहां बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासी रहते हैं। इसके अलावा, प्रतिबंध का असर अमेरिका के बड़े-बॉक्स गोदामों पर भी महसूस किया जा रहा है। मैरीलैंड में सपना फूड्स, जो आमतौर पर डीसी, मैरीलैंड और वर्जीनिया या डीएमवी क्षेत्र में सौ से अधिक खुदरा स्टोर और रेस्तरां को चावल भेजता था। वहीं, अब न्यू जर्सी और अन्य जैसे पड़ोसी राज्यों से भी थोक मांग आ रही है।

**सोना मसोरी की सबसे ज्यादा मांग**

बाल्टीमोर के पास थोक विक्रेता तरूण सरदाना ने बताया कि पिछ्ले सप्ताह गुरुवार को प्रतिबंध की खबर आते ही चावल की मांग में तेजी आ गई थी। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा सोना मसोरी चावल के लिए बहुत सारे फोन आ रहे हैं। वीकेंड पर डिमांड और भी ज्यादा थी। सोमवार की सुबह तक हर कोई गोदामों से जितना संभव हो उतना दक्षिण भारतीय चावल प्राप्त करने की कोशिश कर रहा था।

सरदाना ने कहा कि वह अपने गोदाम में चावल के कई अलग-अलग ब्रांडों का भंडार रखते हैं, जिनमें से ज्यादातर भारत से आते हैं, लेकिन वह जो बेचते हैं उनमें से अधिकांश बासमती चावल है, एक प्रीमियम ग्रेड चावल जो निर्यात प्रतिबंध में शामिल नहीं है। लेकिन इनसे ज्यादा प्रतिबंध लगाए गए चावलों की मांग ज्यादा है।

**भारत में 11 फीसदी अधिक भुगतान कर रहे लोग**

बता दें, पिछ्ले साल सितंबर में भारत में एक मीट्रिक टन गैर-बासमती चावल की कीमत लगभग 330 डॉलर थी। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अनुसार, भारत में लोग चावल के लिए एक साल पहले की तुलना में 11.5 प्रतिशत अधिक भुगतान कर रहे हैं। डीएमवी (डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया, मैरीलैंड और वर्जीनिया) क्षेत्र में एक भारतीय रेस्तरां मालिक वीणा मेहरोत्रा ने कहा कि आने वाले दिनों में बासमती की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है।